मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 77
शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## कांग्रेस सरकार में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ जैसी जगहों पर अपराध और अवैध शराब का कारोबार खूब पनपा: पीएम मोदी

**बांसवाड़ा, 25 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के बांसवाड़ा में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की धरती से आज बिजली क्षेत्र में भारत के सामर्थ्य का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। आज राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं। यह दिखाता है कि आज देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, और इस रफ्तार में देश का हर हिस्सा शामिल है। हर राज्य को प्राथमिकता दी जा रही है। 2014 में हमारी सरकार ने इन हालातों को बदलने का संकल्प लिया और हमने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाई। हमने 2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया, और जहां-जहां तार पहुंचे, वहां बिजली भी पहुंची। इससे लोगों की जिंदगी आसान हुई और नए-नए उद्योग भी स्थापित हुए।



पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बिजली के महत्व पर ध्यान ही नहीं दिया। जब 2014 में आपने मुझे सेवा का अवसर दिया और जब मैंने दायित्व संभाला, तब भारत के 2.5 करोड़ घर ऐसे थे जहाँ बिजली का कनेक्शन नहीं था। आजादी के 70 साल बाद भी देश के 18,000 गांवों में बिजली के खंभे तक नहीं लगे थे। देश के बड़े-बड़े शहरों में घंटों तक बिजली कटौती होती थी, और गांवों में तो 4–5 घंटे बिजली आ जाए, यह बड़ी बात मानी जाती थी। 21वीं सदी में जिस देश को तेजी से विकास करना है, उसे अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना ही होगा। इसमें सबसे सफल वही देश होंगे, जो स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहेंगे। इसलिए हमारी सरकार स्वच्छ ऊर्जा के अभियान को जनआंदोलन बनाकर आगे बढ़ा रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में राजस्थान पेपर लीक का केंद्र बन गया था, जल जीवन मिशन को भी कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया था, महिलाओं पर अत्याचार चरम पर था, और बलात्कारियों को संरक्षण दिया जा रहा था। कांग्रेस सरकार में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ जैसी जगहों पर अपराध और अवैध शराब का कारोबार खूब पनपा। जब आपने भाजपा को मौका दिया, तब हमने कानून व्यवस्था को मजबूत किया और विकास परियोजनाओं में तेजी लाई। आज भाजपा सरकार राजस्थान को तेज विकास की राह पर आगे बढ़ा रही है। 2017 में हमने जीएसटी लागू कर देश को टैक्स और टोल के जंजाल से मुक्ति दिलाई।

## लद्दाख हिंसा भाजपा की वादाखिलाफी का नतीजा : अखिलेश



**लखनऊ, 25 सितम्बर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन को केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वादाखिलाफी का नतीजा बताया है। यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन सीमा से सटे इस संवेदनशील प्रदेश की सरहदों को और सुरक्षित करने के लिये सरकार को वहां की जनता की बात माननी चाहिये। सपा प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में लद्दाख में प्रदर्शनकारियों द्वारा भाजपा का कार्यालय फूंक दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम लोग हिंसा के पक्षधर नहीं हैं। भाजपा के लोगों को भी हिंसा को बढ़ावा नहीं देना चाहिये।

उन्होंने कहा, लेह-लद्दाख के नेता, वहां के काउंसिल के लोग और जनप्रतिनिधियों को भाजपा के लोगों ने आश्वासन दिया था कि उन्हें राज्य का दर्जा और शक्तियां वापस दी जाएगीं। याद रखिए मुनाफा कमाना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि नेताजी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह) और समाजवादी लोग कहते थे कि वादाखिलाफी भी भ्रष्टाचार है। भाजपा ने वही किया, उसी का परिणाम है कि उन्हीं का कार्यालय जला दिया गया। यादव ने कहा, तमाम वीडियो और भाषण हैं जहां पर भाजपा ने लेह लद्दाख के लोगों को आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा, चूंकि वह एक संवेदनशील सीमावर्ती प्रदेश है। वहां के लोगों की जो भी मांगें हैं, उन्हें सरकार को मान लेनी चाहिए। वहां कभी चीन को लोग घुस गए थे। हमारी फौज के लोगों को किस तरह से अपमानित होना पड़ा था, इसलिए सीमावर्ती प्रदेश की सीमाओं को और सुरक्षित करने के लिए सरकार को वहां के लोगों की बात माननी चाहिए और ज्यादा बजट देकर वहां पर खुशहाली लानी चाहिए।

## मतदाता सूची में कई खामियां मिलीं, जल्द ही डेटा के साथ सामने आएंगे : आदित्य ठाकरे

**मुंबई, 25 सितम्बर।** शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची में अनियमितताओं का बृहस्पतिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी को कई खामियां मिली हैं, जिन्हें वह जल्द ही सामने लाएगी। राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही इन अनियमितताओं के बारे में जानकारी देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह ही एक प्रेस वार्ता करेंगे। उन्होंने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा कि विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि, मतदाताओं के नाम गायब होने



और बूथों पर कुप्रबंधन के बारे में पत्र लिखा था।

ठाकरे ने कहा, हमारी पार्टी को कई खामियां मिली हैं और वह उन्हें जल्द ही सामने लाएगी उन्होंने कहा, हम अभी जिस डेटा पर काम कर रहे हैं, उसके साथ एक प्रेस वार्ता करेंगे। हम इसे एक साथ मिला रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राहुल गांधी जैसी पत्रकार वार्ता करेंगे, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। हम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस साल के अंत में होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले संवाददाता सम्मेलन किया जाएगा, तो ठाकरे ने कहा, मुझे यह जानकारी लीक नहीं करनी चाहिए। हम सर्जिकल स्ट्राइक का समय नहीं बता सकते। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर पिछले हफ्ते अपना हमला तेज कर दिया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को बचाने का आरोप लगाया था।

## निलंबन निरस्त न हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

- **जूनियर इंजीनियरों का प्रदर्शन तेज, तीन निर्दोष अभियंताओं का निलंबन बना विवाद**
- **केंद्रीय नेतृत्व ने कहा, उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में नहीं होगी बाधा**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, वाराणसी की क्षेत्रीय शाखा ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन अधीक्षण अभियंता (नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम) कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन का आरोप है कि प्रबंधन ने अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए निर्दोष अभियंताओं पर अनुशासनहीनता





का झूठा आरोप लगाकर निलंबन की कार्रवाई की है ।सभा में केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव ने कहा कि यदि निलंबन आदेश तुरंत निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन का दायरा प्रदेश तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने प्रबंधन को चेताया कि ह्लचहेते अधिकारियों को बचाने के लिए निर्दोष अभियंताओं पर कार्रवाई घोर निंदनीय है। जनपद अध्यक्ष इं. मनीष राय ने कहा कि वाराणसी के मुख्य अभियंता सेवा नियमावली को दरकिनार कर मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी इं. प्रमोद कुमार को गलत तरीके से निलंबित किया गया था, जबकि जांच में वे निर्दोष पाए गए थे। केंद्रीय उपमहासचिव इं. दीपक गुप्ता ने बताया कि हाल ही में हुई घातक विद्युत दुर्घटना में बगैर जांच इं. पंकज जायसवाल, इं. जितेंद्र प्रसाद (प्रोन्नत अभियंता) और इं. सत्येंद्र कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया। संगठन का आरोप है कि अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता वार्ता से बच रहे हैं तथा कार्यालय छोड़ कर अन्यत्र घूम रहे हैं। आपात बैठक में तय किया गया कि जब तक सभी निलंबन निरस्त नहीं होते, संगठन प्रतिदिन सामूहिक उपस्थिति दर्ज करेगा।

नवरात्रि को देखते हुए संगठन ने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। सभी अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंता अपने क्षेत्रों के व्हाट्सऐप समूहों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। संगठन ने घोषणा की है कि 26 सितंबर को भी पूरे जनपद के सदस्य अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यदि किसी सदस्य पर अतिरिक्त कार्रवाई हुई तो सभी इंजीनियर विभागीय कार्यों से विरत होकर धरने पर बैठेंगे। बैठक में केंद्रीय उपमहासचिव इं. दीपक गुप्ता, पूर्वांचल संगठन सचिव इं. ज्योति भास्कर सिन्हा, वाराणसी क्षेत्र प्रथम के क्षेत्रीय अध्यक्ष इं. पंकज जायसवाल, क्षेत्रीय सचिव इं. रवि चौरसिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतीश बिंद, वाराणसी क्षेत्र द्वितीय के क्षेत्रीय सचिव इं. रोहित कुमार, वाराणसी जनपद अध्यक्ष इं. मनीष राय, जनपद उपाध्यक्ष इं. रामाशीष, आनंद सिंह, श्रीपति तिवारी, अवधेश कुमार, पुष्कर उपाध्याय, सर्वेश कुमार, वेदप्रकाश, राजकुमार, हिमांशु, अरुण आदि।

## महाराष्ट्र सरकार बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए केन्द्र से करेगी मदद की मांग : अजित पवार

**मुंबई, 25 सितम्बर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार, बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए केन्द्र से मदद की मांग करेगी और इसके लिए एक पत्र केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिया जाएगा। पवार बीड जिले में बाढ़ प्रभावित गांवों के दौरे पर गए थे तभी उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत की।

इस हफ्ते के शुरूआत में हुई भारी बारिश और इसकी वजह से आई बाढ़ के कारण बीड और मराठवाड़ा क्षेत्र के अन्य जिले बुरी तरह प्रभावित हुए जहां फसलों और रिहायशी संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। विपक्षी दलों ने सरकार से राज्य



को आपदाग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

पवार ने कहा सरकार उन मामलों में राहत के लिए सकारात्मक रुख रखती है जिनमें बाढ़ के कारण पूरी फसल तबाह हो गई। सरकार उन जमीनों की बहाली में मदद करेगी। साथ ही उन मामलों में भी मदद की जाएगी जिनमें बाढ़ के पानी के साथ आया कीचड़ कुओं में चला गया।

उन्होंने आगे कहा यहां बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। केन्द्र सरकार से मदद की जरूरत है। आज केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुंबई में हैं और मदद के लिए उन्हें मुख्यमंत्री तथा दोनों उप मुख्यमंत्रियों के हस्ताक्षर वाला पत्र दिया जाएगा। जहां भी आपदा आती है, अमित शाह मदद करते हैं और वह हमारी भी मदद करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र ने पंजाब समेत दूसरे राज्यों की भी मदद की है इसलिए महाराष्ट्र सरकार भी मदद चाहती है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की वजह से फसलों के साथ साथ बुनियादी ढांचों को भी बहुत नुकसान हुआ है।

बाढ़ को देखते हुए किसानों के कर्ज माफ करने की विपक्षी दलों की मांग पर पवार ने कहा मैं वही कहता हूं जो सच है। मैं राजनीति नहीं करना चाहता लेकिन जहां भी जरूरत होगी, हम मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम लोगों की मदद लाडकी बहिन योजना, संजय गांधी निराधार योजना, बिजली बिल माफ करके कर रहे हैं। सरकार आम आदमी की मदद

## अमृतसर में चार किलो हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद, छह लोग गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर से छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ और हथियार आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़ करने का बृहस्पतिवार को दावा किया और उनके कब्जे से 4.03 किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक्स पर कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नशीले पदार्थ और हथियारों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। सीमा पार से हेरोइन और हथियारों की आपूर्ति में शामिल छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।








# संवाद से समाधान तक: लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक



-ललित गर्ग

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है।



हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है।

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है।

आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज को दबाया जा रहा है। जब लंबे समय तक विश्वास और संवाद की कमी बनी रहती है तो जनता के धैर्य का बाँध टूट जाता है। यह सिर्फ राज्य का दर्जा पाने की माँग नहीं है बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, पहचान और न्याय पाने की जद्दोजहद है।

लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है। लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं, तभी हिंसा और आक्रोश का माहौल शांति और भरोसे में बदला जा सकेगा। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता।

# त्रेतायुग के राम और कलियुग का रावण



- राजकुमार जैन, स्वतंत्र लेखक

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में विजयादशमी केवल एक धार्मिक उत्सव का नाम भर नहीं है। यह पर्व भारतीय आत्मा का जीवंत घोष है, जो हमें बार-बार स्मरण कराता है कि सत्य और असत्य, धर्म और अधर्म, मर्यादा और अहंकार के बीच संघर्ष निरंतर है। समय बदलता है, युग बदलते हैं, किंतु यह संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता। हर युग में रावण नए-नए रूपों में जन्म लेता है और हर युग में राम के आदर्श ही उसके विनाश का मार्ग प्रशस्त करते हैं। विजयादशमी हमें आगाह करती है कि अधर्म चाहे कितनी ही शक्तियां क्यों न बटोर ले, उसका अंत निश्चित है और धर्म की विजय एक अटल सत्य है।

त्रेतायुग में रावण सोने की लंका का राजा था। वह कालजयी विद्वान, महापंडित और शिवभक्त था, परंतु अहंकार ने उसे अधर्म की ओर धकेल दिया। जिसके चलते उसकी शक्ति, उसका ज्ञान और उसका वैभव, सब उसके पतन का कारण बन गए। अंततः भगवान श्रीराम ने उसके अहंकार का अंत किया और संसार को यह संदेश दिया कि कोई व्यक्ति चाहे कितना ही महान क्यों न हो, यदि वह मर्यादा और धर्म से विमुख होगा तो उसका विनाश अवश्यंभावी है।

त्रेता युग में राम के बाणों से रावण का शारीरिक अंत तो प्रतीतात्मक था, उस युद्ध का असली संदेश यह था कि मनुष्य के भीतर छिपे लोभ, अहंकार और वासना रूपी रावण ही सबसे खतरनाक हैं। आज के कलियुग का रावण हमारे सामने सोने की लंका के राजा के रूप में नहीं खड़ा है। वह न तो दस सिरों वाला कोई राक्षस है और न ही कोई परलोक का दैत्य। वह तो हमारे मन के भीतर छिपा बैठा है। आज का रावण है, राजनीति में भ्रष्ट आचरण और सत्ता की भूख, व्यापार और उद्योग में छल, शोषण और अनैतिक प्रतिस्पर्धा, शिक्षा के मंदिरों में मूल्यों का पतन और केवल अंकों की दौड़, युवाओं के जीवन में व्यसन, नशा और आभासी लत, समाज में दिखावे का मोह और नैतिकता का क्षय। आधुनिक तकनीक का दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर आडंबर और त्वरित सफलता की अंधी चाह ही इस कलियुगी रावण के नए चेहरे हैं।

त्रेतायुग में रावण से लोग भयभीत थे, पर आज की विडंबना यह है कि लोग स्वयं इस कलियुगी रावण की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ईमानदारी, परिश्रम और तपस्या उन्हें बीते जमाने की बातें लगने लगी हैं। दिखावे की चमक और रातोंरात अमीर बनने की चाह इतनी तीव्र हो गई है कि जीवन के स्थायी मूल्य पीछे छूटते जा रहे हैं। हमारे बच्चों और युवाओं के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। यदि वे आभासी चमक-दमक और त्वरित सुख के पीछे भागेंगे तो रावण उनके मन पर हावी हो जाएगा। पर यदि वे शिक्षा, सेवा और सत्य का मार्ग चुनेंगे तो वे स्वयं रामस्वरूप बनकर समाज और राष्ट्र को नई दिशा देंगे।

राम केवल अयोध्या के राजकुमार नहीं थे। वे मर्यादा, अनुशासन, करुणा और सत्य के प्रतीक हैं। उनका मार्ग कठिन प्रतीत होता है, पर वही स्थायी सुख और सम्मान का मार्ग है। रावण का मार्ग आकर्षक और सरल दिखता है, किंतु उसका अंत शून्यता और विनाश में होता है। राम ने सिखाया कि सच्ची सफलता धन और यश की क्षणभंगुर चमक में नहीं, बल्कि आत्मा की शांति और समाज की उन्नति में है। रामचरितमानस कहती है। ह्वकर्म प्रधान विस्व करि राखा। जो जस करहि सो तस फल चाखा ।।ह्व यह कथन त्रेतायुग में भी शाश्वत सत्य था और आज के कलियुग में भी उतना ही प्रासंगिक है।

आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति एआई जैसी तकनीक है। यह वरदान भी है और अभिशाप भी। यदि तकनीक का उपयोग भोग, दिखावे और छल में होगा तो यह विनाश लाएगी। लेकिन यदि इसका प्रयोग सेवा, सृजन और समाज के उत्थान में होगा तो यह अमरत्व प्रदान करेगी। राम का आदर्श यही सिखाता है कि हर शक्ति का उपयोग मर्यादा और धर्म के लिए होना चाहिए, अन्यथा वही शक्ति रावण का रूप ले लेती है।

विजयादशमी केवल पुतले जलाने का अवसर नहीं है। यह आत्ममंथन और आत्मदाह का संकल्प लेने का पर्व है। असली युद्ध बाहर नहीं, भीतर है। जब तक हम अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या, क्रोध, लोभ और मोह रूपी रावण पर विजय प्राप्त नहीं करेंगे, तब तक पुतले जलाना मात्र औपचारिकता रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना होगा कि वह अपने भीतर के अंधकार को मिटाएगा। तभी विजयादशमी का पर्व सार्थक होगा।

विजयादशमी पर युवाओ से आव्हान है कि राम बनो, रावण नहीं। आज की युवा पीढ़ी के सामने दो विकल्प हैं, राम का बताया शिक्षा, सत्य, सेवा और मर्यादा का मार्ग या रावण के जीवन से प्रेरित आलस्य, नशा, आभासी चमक और त्वरित सुख का मार्ग। युवा रावण के पीछे भागेंगे तो वे स्वयं के जीवन को खो देंगे और समाज को अंधकार की ओर धकेलेंगे। लेकिन यदि वे राम के आदर्शों को अपनाएँगे तो वे राष्ट्र की दिशा बदल देंगे और समाज में नई रोशनी जगाएँगे।

सत्य अमर है, मर्यादा कालजयी है और रावण क्षणभंगुर। यही विजयादशमी का उद्घोष है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि रावण चाहे किसी भी रूप में जन्म ले, उसका अंत निश्चित है। धर्म की प्रतिष्ठा कभी बुझती नहीं और सत्य की विजय निश्चित है। विजयादशमी का असली संदेश यही है कि हम अपने भीतर के रावण को पहचानें और उसका दहन करें। तभी यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण का संकल्प बनेगा।

# जनमानस की जागृतिः जाति की जकड़न से आजादी की राह...



-सुरेश गांधी

जी हां, भारत की वह भूमि जहां राजनीति की हर बिसात पर जाति की गोटियां चलती रही हैं, जहां चुनावी गणित का सबसे प्रबल सूत्र ह्लकौन-सी जाति किस पाले मेंह्व रहा है, अब एक नए मोड़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 22 सितंबर 2025 को वह कदम उठा दिया है, जिसे कई लोग असंभव मानते थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के हालिया निर्देश को आधार बनाते हुए प्रदेश सरकार ने जातिगत रैलियों, जाति-आधारित राजनीतिक सभाओं और सार्वजनिक स्थानों पर जाति-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश सिर्फ प्रशासनिक परिपत्र नहीं, बल्कि एक विचार है, एक ऐसी पहल, जो सदियों पुराने सामाजिक ढांचे को चुनौती देती है। सवाल, मगर, उतना ही गूढ़ हैः क्या महज सरकारी फरमान से जाति का वह जहर मिटाया जा सकता है, जो हजारों सालों से हमारी नसों में घुला है? बता दें, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी अभिलेखों और पत्राचार में अब जाति न लिखने का निर्देश देकर एक स्पष्ट संदेश दिया है, राज्य के नागरिक सबसे पहले नागरिक हैं, उनकी जातीय पहचान नहीं। ऐसे समय में जब यूपी की राजनीति जातीय समीकरणों पर टिकी है, यह निर्णय सामाजिक समरसता की दिशा में साहसिक पहल है। सरकार का इरादा साफ हैः प्रशासनिक कामकाज में लाभ या अधिकार का आधार व्यक्ति की योग्यता और जरूरत हो, न कि उसकी जाति। भर्ती, तबादले, शिकायतों और योजनाओं के लाभ में यह कदम समान नागरिकता की भावना को बल दे सकता है। नई पीढ़ी के लिए यह संकेत है कि शासन की नजर में सभी समान हैं। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई में कहा था कि पुलिस रिकॉर्ड, एफआईआर या सरकारी दस्तावेजों में जाति का उल्लेख न केवल पूर्वाग्रह को जन्म देता है, बल्कि संविधान के समानता सिद्धांत का उल्लंघन भी करता है। कोर्ट ने जातिगत गौरव को झूठा घमंडह्व बताते हुए इसे राष्ट्र की एकता के लिए खतरा करार दिया। यही वह चिंगारी थी, जिसने योगी को यह आदेश देने के लिए बाध्य किया. आदेश में कहा गया है वाहनों व होर्डिंग्स पर जाति-सूचक स्टीकर व नारे हटेंगे। निजी वाहन हो या राजनीतिक झंडाकृकिसी पर भी जातीय पहचान का प्रदर्शन अपराध माना जाएगा। जातिगत रैलियों और राजनीतिक सभाओं पर पूर्ण प्रतिबंध। राजनीतिक दल अब ह्लजाति महापंचायतह्व या ह्लजातीय शक्ति प्रदर्शनह्व नहीं कर सकेंगे। सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी। जातिगत नफरत फैलाने वाले पोस्ट्स पर आईपीसी की धारा 153ए के तहत कड़ी कार्रवाई होगी। अपवाद केवल एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के लिए। यह आदेश सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को भेजा गया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि जाति का सार्वजनिक प्रदर्शन अब अपराध की श्रेणी में है।

देखा जाएं तो पिछले कुछ वर्षों में देशभर में सनातन शब्द सिर्फ. आस्था का पर्याय नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में यह लहर और गहरी दिखती है। राम मंदिर निर्माण से लेकर काशी - विश्वनाथ धाम तक, 2014 से 2024 का दशक भारतीय संस्कृति के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा देने वाला रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सनातन परंपरा को गौरव और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया है। परंतु राजनीति की खेती केवल आस्था से नहीं उगती। यूपी की हकीकत यह भी है कि जातीय गोलबंदी आज भी सत्ता का सबसे बड़ा गणित तय करती है। मोदी - योगी नेतृत्व ने इसे समझते हुए ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व का नारा दिया और गैर यादव पिछड़े, गैर जाटव दलित, ब्राह्मण, ठाकुर जैसे समूहों को जोड़ने की रणनीति अपनाई। यह वही सोशल इंजीनियरिंगह्व है जो जातीय दीवारों को भले न तोड़ पाई हो, लेकिन उन्हें नए सिरे से परिभाषित जरूर कर गई। सनातन का राष्ट्रीय विमर्श जातीय राजनीति के बरक्स खड़ा दिखाई देता है। जब धार्मिक, सांस्कृतिक पहचान को साझा गौरव का आधार बनाया जाता है, तो यह जाति के संकुचित खांचों को कमजोर करने की संभावना रखता है। काशी, अयोध्या और प्रयागराज की भव्यता केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि हमारी जड़ें साझा हैं। फिर भी यह मान लेना कि एक दशक में जातीय गोलबंदी पूरी तरह खत्म हो गई है, वास्तविकता से दूर होगा। पंचायत से लेकर विधानसभा तक चुनावी समीकरण जाति के बिना अधूरे हैं।

मोदी - योगी की जोड़ी ने जाति से ऊपर उठने का नैरेटिव गढ़ा, लेकिन यह भी सच है कि टिकट बंटवारे से लेकर बूथ प्रबंधन तक जातीय संतुलन को बारीकी से साधा जाता है। अगले चरण की चुनौती यही है, आस्था और विकास के बड़े एजेंडे को इस तरह गढ़ा जाए कि जातीय पहचान राजनीतिक औजार न रह जाए, बल्कि केवल सांस्कृतिक विविधता का हिस्सा बनकर रह जाए। सनातन का स्वर तभी वास्तविक राष्ट्रनिर्माण का वाहक बनेगा जब वह सामाजिक समानता और न्याय के संदेश को भी उतनी ही मजबूती से साथ ले चले। इसलिए 2014 से 2024 तक का अनुभव हमें यही बताता हैः सनातन का जागरण राष्ट्र को नई दिशा देता है, मगर जातीय गोलबंदी की जड़ों को कमजोर करने के लिए शिक्षा, आर्थिक अवसर और सामाजिक न्याय जैसे दीर्घकालिक उपाय ही निर्णायक होंगे। हालांकि यह पहला अवसर नहीं, जब किसी नेता ने जाति की जड़ों को काटने का सपना देखा हो। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपनी कालजयी कृति ।ददपीपसंजपवद व िब्ेंजम में लिखा थाकृ जाति-व्यवस्था केवल असमानता नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा का सबसे बड़ा अपमान है। उन्होंने 1932 के पूना पैक्ट से दलितों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया, पर लक्ष्य हमेशा ह्लजातिविहीन समाजह्व था। 1956 में बौद्ध धर्म अपनाकर उन्होंने अंतिम घोषणा की कि हिंदू समाज की जाति-बाधा से मुक्ति तभी मिलेगी, जब मन बदलेगा। जयप्रकाश नारायण ने 1974 की संपूर्ण क्रांति में इसी धारा को आगे बढ़ाया। उनका विश्वास थाकृजब तक जाति नहीं मिटेगी, लोकतंत्र अधूरा रहेगा। उस दौर में बिहार के कई युवाओं ने अपने नामों से जातिसूचक उपनाम हटा दिए। कुमार, रंजन, भारती जैसे सर्वनाम उसी चेतना का परिणाम थे। लेकिन इतिहास साक्षी है कि इन प्रेरक प्रयासों के बावजूद सामाजिक मानसिकता में बदलाव धीमा ही रहा। समाजवादी आंदोलन के बाद भी राजनीतिक दलों ने जाति को सत्ता का सीढ़ी बनाया। मंडल आयोग के बाद 1990 का दशक तो मानो जातीय राजनीति का स्वर्णयुग बन गया।

राजनीति की हकीकतः वोटबैंक की दीवार

यूपी हो या अन्य राज्य सत्ता की बुनियाद ही जातीय समीकरणों पर टिकी रही है। बसपा ने बहुजन की छत्रछाया में दलित-बहुजन राजनीति खड़ी की। सपा व राजेडी ने यादव-मुस्लिम समीकरण साधा। भाजपा ने भी समय-समय पर गैर-यादव पिछड़ों और दलितों को साधने की रणनीति बनाई। ऐसे में योगी सरकार का यह आदेश विपक्ष को चुभना लाजिमी है। अखिलेश यादव ने इसे कॉस्मेटिक बताते हुए कहा, 5000 साल से मन में जमी जातीय ग्रंथि को मिटाने के लिए सिर्फ आदेश काफी नहीं, सोच बदलनी होगी। भाजपा के सहयोगी भी आशंकित हैं कि यह कदम उनकी परंपरागत रणनीति को चोट पहुंचा सकता है।

डिजिटल युग की नई चुनौती

जहां पहले जातीय वैमनस्य गांव की चैपाल तक सीमित था, आज सोशल मीडिया ने उसे वैश्विक मंच दे दिया है। सर्वे बताते हैं कि भारत में ऑनलाइन कंटेंट का बड़ा हिस्सा जाति से जुड़ा है, कभी गर्व, कभी घृणा। ट्विटर (अब एक्स) और फेसबुक पर जाति-आधारित ताने और फतवे आम हैं। योगी सरकार ने आईपीसी की धारा 153ए के तहत मुकदमे, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और बिना राजनीतिक छूट के कार्रवाई का संकेत दिया है। लेकिन डिजिटल दुनिया की तेजी के सामने यह निगरानी कितनी कारगर होगी, यह देखना बाकी है। फिर भी यह आदेश एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। अगर इसे कठोरता और संवेदनशीलता के साथ लागू किया गया तो यूपी से शुरू यह लहर देशभर में फैल सकती है। जातिगत रैलियों पर रोक न केवल सामाजिक सद्भाव को मजबूती देगी, बल्कि राजनीति को भी नए विमर्श की ओर ले जाएगी, जहां विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे असल मुद्दे केंद्र में आएं। लेकिन इस पहल की सफलता केवल पुलिस की लाठी पर निर्भर नहीं हो सकती। शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक आंदोलनों को साथ लाना होगा। पाठ्यक्रम में जातिविहीनता का पाठ पढ़ाना होगा, ग्रामसभाओं में संवाद बढ़ाना होगा।

मन परिवर्तन ही असली क्रांति

डॉ. अंबेडकर ने कहा था, ह्लकानून से समानता मिल सकती है, पर भाईचारा केवल हृदय परिवर्तन से।ह्व योगी सरकार का आदेश इसी दिशा में पहला पड़ाव है। यह संदेश है कि जाति का सार्वजनिक महिमामंडन अब बर्दाश्त नहीं होगा। परंतु असली क्रांति तभी संभव होगी, जब लोग अपने भीतर बसे जातिगत अहं को त्यागें। क्या राजनीतिक दल, जिनकी ह्लखुराकह्व जाति-आधारित वोटबैंक है, इस मुहिम से खुद को जोड़ पाएंगे? क्या हम अपने नामों, अपने रिश्तों, अपनी सोच से जाति की दीवार हटा पाएंगे? फिर भी यथार्थ की जमीन कठिन है। संविधान द्वारा संरक्षित आरक्षण व्यवस्था, चुनावी टिकटों का बंटवारा और स्थानीय सत्ता का गणित जातीय पहचान से अब भी गहराई से जुड़ा है। पंचायतों से लेकर विधानसभाओं तक जातीय समीकरणों को दरकिनार करना आज भी किसी दल के लिए असंभव है। ऐसे में केवल प्रशासनिक आदेश से सदियों पुरानी मानसिकता और सामाजिक ढांचे में तुरंत बदलाव की उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं। इसके बावजूद इस पहल को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सरकारी दस्तावेजों से जाति का उल्लेख हटना प्रतीकात्मक सही, लेकिन मानसिकता बदलने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नागरिकों को यह अहसास दिला सकता है कि शासन उनकी पहचान को जाति से नहीं, नागरिकता से आंकता है। सच्चा असर तभी दिखेगा जब इसके साथ शिक्षा, रोजगार और आर्थिक समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियां भी जुड़ें। जब अवसर समान होंगे, तब जातीय दीवारें धीरे-धीरे कमजोर होंगी और राजनीति में जाति का वर्चस्व स्वाभाविक रूप से घटेगा। योगी सरकार का यह आदेश सामाजिक परिवर्तन की पहली आहट है। यह केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि उस सोच को चुनौती है जिसने लंबे समय से राजनीति को जाति के घेरे में कैद कर रखा है। बदलाव की राह लंबी है, पर हर यात्रा की शुरूआत एक कदम से ही होती हैकृयह वही पहला कदम है।

**योगी सरकार का यह कदम साहसिक है। यह न केवल प्रशासनिक सुधार, बल्कि सामाजिक संदेश भी है. जाति का दिखावा राष्ट्र के लिए घातक है। अगर सरकार सख्ती दिखाए, सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाए और शिक्षा-जागरूकता को साथ ले, तो यह पहल अंबेडकर के जातिविहीन भारत के सपने को आगे बढ़ा सकती है। मगर सच यह भी केवल कानून से सामाजिक क्रांति नहीं होती। यदि समाज ने अपने मन के भीतर झांकने का साहस न किया, तो यह प्रयास भी कई पूर्ववर्ती कोशिशों की तरह कागज पर ही सिमटता नजर आयेगा. हालांकि सनातन के शोर में जाति की कड़वाहट कुछ कम जरुर हुई है, लेकिन जब तक हर भारतीय इसे आत्मसात नहीं करेगा, रग-रग में समा चुका जाति की जकड़न यूं ही स्वीट प्वाइजन के रुप में समाज में वैमनस्यता फैलाता रहेगा. ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है क्या हम सचमुच जाति से ऊपर उठकर एक समान, न्यायपूर्ण और बंधुत्वमय राष्ट्र बनाने को तैयार हैं? क्या हम सदियों के सामाजिक वैमनस्य पर सरकारी प्रतिबंध के आदेश को मानने को तैयार है? क्या इस आदेश से बदलेंगे सदियों के मनोविकार? क्या सरकारी फरमान बनाम सामाजिक सोच से मिटेगा जाति का जहर? क्या जाति की राजनीति पर योगी का अंतिम प्रहार है? क्या कानून की सख्ती बनाम दिल की दीवार से सच में टूटेगी जाति की जकड़न? क्या इस आदेश से बदलेगा देश का मिजाज? क्या राजनीतिक दल, जिनकी ह्लखुराकह्व जाति-आधारित वोटबैंक है, इस मुहिम से खुद को जोड़ पाएंगे? क्या हम अपने नामों, अपने रिश्तों, अपनी सोच से जाति की दीवार हटा पाएंगे? क्योंकि बदलाव की असली परीक्षा जनमानस की सोच में ही छिपी है. फिरहाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दृष्टिकोण न सिर्फ यूपी, बल्कि पूरे देश के लिए आईना है। कानून ने रास्ता दिखाया है, अब समाज को अपनी चाल बदलनी होगी ।**

# लेह में जेन जेड और अरब स्प्रिंग स्टाइल में फैलाई गई हिंसा



-संजय सक्सेना

लेह-लद्दाख में हालिया हिंसक घटनाएं न केवल स्थानीय राजनीतिक सरगर्मियों को उजागर कर रही हैं, बल्कि चर्चित पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और कांग्रेस के संभावित संबंधों, विदेशी हस्तक्षेप, और केंद्र सरकार से असंतोष के मुद्दों को भी सामने ला रही हैं। सोनम वांगचुक, लद्दाख क्षेत्र को राज्य का दर्जा दिलाने और छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जे की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। उनकी भूख हड़ताल 10 सितंबर 2025 से शुरू हुई थी और कई नेताओं व प्रशासन के आग्रह के बावजूद वे अनशन पर डटे रहे। इस दौरान गिन-चुन कर चुने गए भाषणों में वांगचुक ने नेपाल के जेन जी मूवमेंट और अरब स्प्रिंग जैसे आंदोलनों का जिक्र किया और युवाओं को उससे प्रेरणा लेकर आगे आने को कहा। यही तथ्य केंद्र सरकार के मुताबिक हिंसा के पीछे प्रमुख कारण माना जा रहा है। हिंसा में चार लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए। पुलिस और प्रशासन के कार्यालयों सहित बीजेपी के दफ्तरों में भी तोड़फोड़ और आगजनी हुई। प्रशासन ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया है तथा सीआरपीएफ, पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की तैनाती की है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वांगचुक अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार से मुलाकात करने वाले थे, उससे दो-तीन दिन पहले उन्होंने लद्दाख को हिंसा की आग में किस साजिश के तहत झोंक दिया। इस हिंसा के पीछे कांग्रेस की भूमिका को लेकर तीखे आरोप लगाए गए हैं। बीजेपी का आरोप है कि स्थानीय कांग्रेस पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग ने सीधे तौर पर हिंसक घटनाओं का मार्गदर्शन किया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर त्सेपाग को आरोपी बनाया है और कांग्रेस के संबंध को लेकर तस्वीरें, वीडियो भी जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से नकारा है और सोनम वांगचुक भी अपने ऊपर लगे उकसावे के आरोपों का खंडन कर चुके हैं।

सरकार और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों के अनुसार, आंदोलन के दौरान जब वांगचुक ने अपने भाषण में अरब स्प्रिंग और नेपाल के जेन-जेड आंदोलनों का उल्लेख किया, उससे आंदोलनकारी युवा वर्ग खास तौर पर प्रेरित हुआ। इस संदेश के चलते युवा प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश में आकर सरकारी इमारतों, बीजेपी कार्यालयों और वाहनों पर हमला किया। जो भीड़ पहले शांतिपूर्वक अनशन स्थल पर थी, उसने बाद में हिंसक प्रदर्शन किए। इस पूरी प्रक्रिया को कुछ रिपोर्टों में सुनियोजित और योजनाबद्ध बताया गया है, जिसमें राजनीतिक प्रतिनिधियों के निजी स्वार्थों और साजिश की भी चर्चा हुई है। वैसे सोनम वांगचुक की छवि एक शिक्षावादी और पर्यावरण योद्धा की रही है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में उनकी राजनीतिक टिप्पणियां और बाहरी मंचों पर दिए गए भाषण चर्चाओं में रहे हैं। फरवरी 2025 में उनकी पाकिस्तान यात्रा पर भी सवाल उठे थे, जहाँ वे एक पर्यावरण सम्मेलन में शामिल हुए थे। उस यात्रा के दौरान रिकॉर्ड किए गए बयानों पर कई बार विवाद हुआ कि कहीं किसी देश-विदेश की प्रेरणा या संसाधनों की भूमिका तो नहीं। वांगचुक की ये जन जागरूकता-आधारित राजनीति अक्सर जोखिम भरी मानी जाती है क्योंकि वह बार-बार युवाओं से संगठित प्रतिरोध या गांधी के मार्ग की जगह अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अपील कर चुके हैं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य प्रशासन इस हिंसा और उसके पीछे की संभावित विदेशी ताकतों की भूमिका को लेकर हर एंगल से जांच कर रहे हैं। सोनम वांगचुक की पाकिस्तानी संपर्कों वाली यात्रा, अरब स्प्रिंग और नेपाल-जेन-जेड आंदोलनों पर बार-बार जोर, और भीड़ के हिंसक हो जाने की तमीज को शक की नजर से देखा जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रत्यक्ष विदेशी फंडिंग या दखल की पुष्टि नहीं हो सकी है, जबकि बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिंसा के लिए कांग्रेस को उत्तरदायी बताते हुए स्थानीय पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग का नाम और सबूत मीडिया प्रमोशन में इस्तेमाल किए हैं। बीजेपी की तरफ से दावा किया गया कि कांग्रेस और इसके स्थानीय नेताओं ने युवाओं को खास दिशा में उकसाया जिससे स्थिति बेकाबू हुई। वहीं, कांग्रेस नेतृत्व ने इन दावों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए बीजेपी के खिलाफ साजिश की बात कही है।

## धामनकरनाका मित्र मंडल गणेशोत्सव ने ठाणे जिले में जिलास्तरीय प्रथम पुरस्कार पर जमाया कब्जा



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा संचालित धामनकर नाका मित्र मंडल ने एक बार फिर राज्य सरकार के सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजिता जिलास्तरीय गणेशोत्सव प्रतियोगिता में ठाणे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बतादें कि मुंबई में एक समारोह में सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार और कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने मंडल के अध्यक्ष संतोष शेट्टी को सम्मान पत्र और 50 रुपये नकद देकर सम्मानित किया। धामनकर नाका मित्र मंडल ने लगातार दूसरे वर्ष यह पुरस्कार जीता है। धामनकर नाका मित्र मंडल गणेशोत्सव को धार्मिक उत्सव के साथ सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनता के लिए विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित करता रहा है जिसमें रक्तदान, नेत्र चिकित्सा शिविर, छात्रों के लिए शस्त्र प्रदर्शनी, शतरंज प्रतियोगिता, पारंपरिक भजन कार्यक्रम आदि कार्यक्रम का आयोजन किया करते हैं। संतोष शेट्टी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार के रूप में प्राप्त 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि में 50 हजार मंडल की तरफ से मिलाकर एक लाख रुपये अतिवृष्टि और सूखा प्रभावित मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करेंगे। पुरस्कार स्वीकार करते समय मंडल के पदाधिकारी हसमुख पटेल, राजेश शेट्टी, राकेश पटवारी, प्रशांत पुजारी, ईश्वर पामू, राम बुरा, दिनेश शेट्टी, सतीश सुंकी, मुन्ना शेट्टी, अभिजीत म्हसकर, मनीष मिश्रा, सागर कानकुटला आदि उपस्थित थे।

## भिवंडी मनपा द्वारा महाश्रमदान एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत किया गया सफाई अभियान



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** राज्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' अभियान के तहत गुरुवार को भिवंडी मनपा प्रशासक और आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में भिवंडी महानगर पालिका में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में अंजुरफाटा से वंजारपट्टी नाका, वंजारपट्टी नाका से ग्रीन लैंड होटल, वंजारपट्टी नाका से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, स्व. आनंद दिघे चौक से साईबाबा मंदिर राजनोली नाका के साथ-साथ हिंदू हृदय सम्राट स्व. बालासाहेब ठाकरे फ्लाईओवर, स्व. राजीव गांधी फ्लाईओवर, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फ्लाईओवर आदि मुख्य सड़कों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त (आरोग्य) शैलेश दोंदे, आरोग्य विभाग प्रमुख फैसल तातली, मुख्य अरोग्य निरीक्षक जे.एम. सोनावणे, पूर्व नगरसेवक, गैर सरकारी संगठन और नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में इस पहल में भाग लिया। इस दौरान प्रभाग समिति स्तर पर कार्यक्रम में प्रभाग समिति क्रमांक 1 के सहायक आयुक्त व वार्ड अधिकारी मकसूम शेख, प्रभाग समिति क्रमांक 2 के माणिक जाधव, प्रभाग समिति क्रमांक 3 के सुरेंद्र भोईर, प्रभाग समिति क्रमांक 4 के गिरीश घोष्टेकर, प्रभाग समिति क्रमांक 5 के सईद चिवणे, हरीश भंडारी आदि के साथ अन्य विभागों के विभाग प्रमुख के साथ 400 सफाई कर्मचारी शामिल थे।

## टाटा एआईए ने लॉन्च किया शुभ महा लाइफ: जीवन के हर पड़ाव के लिए संपूर्ण जीवन बचत योजना

**मुंबई/पटना।** जीवन के हर पड़ाव पर जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं। युवावस्था में, परिवार की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है, जैसे कि, लोन चुकाना, बच्चों की शिक्षा और उनका भविष्य सुरक्षित करना। इस आयु में, प्रियजनों को अनिश्चितताओं से बचाने के लिए एक मजबूत जीवन बीमा बेहद जरूरी है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग पार्टनर बिजनेस असोसिएट, श्री सुशिल कुमार ने कहा, टाटा एआईए में, हम मानते हैं कि जीवन लगातार बदलता रहता है, और वित्तीय जरूरतें भी बदलती रहती हैं। हमें गर्व है कि शुभ महा लाइफ के साथ, हम एक गतिशील समाधान प्रदान कर रहे हैं, जो जीवन के विभिन्न चरणों के अनुकूल है – जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान मजबूत सुरक्षा और सेवानिवृत्ति में पर्याप्त, कर-मुक्त आय, साथ ही दीर्घकालिक गंभीर बीमारी कवर प्रदान करता है। यह योजना पारंपरिक बीमा से आगे बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी यात्रा के दौरान स्थायी सुरक्षा, विकास और मन की शांति प्राप्त करने में मदद मिलती है। जैसे-जैसे सेवानिवृत्ति नजदीक आती है, जरूरतें बदलती हैं। बच्चे स्वतंत्र होते हैं, कर्ज.चुकाए जाते हैं, और एक आरामदायक, चिंतामुक्त सेवानिवृत्त जीवन के लिए एक स्थिर आय बनाने पर ध्यान केंद्रित होता है। यह बदलाव एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है: आज की सुरक्षा की जरूरत और भविष्य की वित्तीय स्वतंत्रता के लक्ष्य के बीच संतुलन कैसे बनाया जाएं?

## अपने दिन की सही शुरूआत करें: कैलिफोर्निया बादाम के साथ वर्ल्ड हार्ट डे मनाएं

**मुंबई/पटना।** इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे की थीम है धड़कन न छूटे – एक मजबूत संदेश कि हृदय रोग के कारण अनगिनत लोग समय से पहले अपनी जान गंवा रहे हैं, जिससे परिवारों को साथ बिताने का कीमती समय नहीं मिल पाता। भारत के लिए यह चेतावनी और भी गंभीर है, क्योंकि यहाँ हृदय रोगों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। द लैंसेट की एक रिपोर्ट ₹भारत के राज्यों में हृदय संबंधी बीमारियों और उनसे जुड़े जोखिमों के बदलते स्वरूप ₹ के अनुसार, भारतीयों को हृदय रोग दुनिया के अन्य देशों की तुलना में करीब 10 साल पहले प्रभावित करते हैं। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन का कहना है कि महिलाएं अक्सर पहले ही दिल के दौरे में पुरुषों की तुलना में ज्यादा गंभीरता झेलती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। वहीं युवाओं में दिल के दौरे तेजी से बढ़ रहे हैं।

# केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन ने बोईसर रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन द्वारा गुरुवार 25 सितंबर 2025 को बोईसर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष तुलसीराम केवट ने किया। इस अवसर पर बोईसर स्टेशन मास्टर चौहान, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम, सफाई कर्मचारी व सामाजिक कार्यकताओं ने मिलकर अभियान को सफल बनाया। अभियान में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। इनमें डॉक्टर महेश भानुशाली, उद्योजक गिरजेश राजकिशोर सिंह, भाजपा नेता उदयराज शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के मायाराम गुप्ता, सामाजिक कार्यकताओं में विकास शुक्ला,अनिल पटेल, राजीव रंजन सिंह, बिंदु गुप्ता, शिव मंदिर एवं शीतला माता मंदिर समिति के सदस्य सर्वेश सिंह व धर्मेंद्र शाह प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने मिलकर स्टेशन परिसर की साफ-सफाई करते हुए यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य लगातार करते रहेंगे। संस्थापक अध्यक्ष तुलसीराम केवट ने कहा कि ₹स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जब तक हम सब मिलकर इसे अपनाएंगे नहीं, तब तक इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता।

केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन निरंतर समाजहित के कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता के क्षेत्र में भी योगदान देता रहेगा।₹ अभियान में भाग लेने वाले सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया और बोईसर रेलवे स्टेशन को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाने का प्रण किया।

## नवरात्रि के मौके पर सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बोईसर शहर के गणेश नगर, साईलोक नगर स्थित महेंद्र प्रताप सिंह के निवास स्थान पर मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना के उपरांत भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मंगलवार 23 सितंबर 2025 को नवरात्रि के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के पश्चात पूरे भक्तिभाव के साथ सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकाण्ड पाठ के दौरान हनुमान जी की महिमा का बखान होते ही वातावरण भक्तिरस से सरोबर हो उठा। मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पाठ में सहभागी बने और माता रानी से आशीर्वाद की प्राप्ति की। इस अवसर पर विशेष रूप से महेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, गोविंद पाल, रमेश यादव, महेश यादव, पत्रकार अजीत सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर परिवार व समाज की खुशहाली, सुख-समृद्धि और देश की उन्नति की मंगलकामना की।

## जिंजर होटल कर्मचारियों का अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ में प्रवेश



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई हवाई अड्डे के समीप विलेपार्ले (पूर्व) स्थित जिंजर होटल (ताज) के सभी कर्मचारियों ने बुधवार, 24 सितम्बर 2025 को एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ में सामूहिक रूप से प्रवेश किया। लंबे समय से भारतीय कामगार सेना के नेतृत्व में कार्यरत रहे इन कर्मचारियों के इस कदम से संघटन की ताकत में बड़ी वृद्धि हुई है। यह प्रवेश समारोह भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक रवींद्र चव्हाण के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान होटल प्रबंधन और संघटन के शिष्टमंडल के बीच विशेष बैठक भी आयोजित की गई। कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर सकारात्मक समाधान निकालने का ठोस आश्वासन होटल प्रबंधन की ओर से दिया गया। इस अवसर पर सरचिटणीस सुहास माटे, कार्याध्यक्ष जितेंद्र राऊत, संयुक्त सरचिटणीस योगेश आवळे, उपाध्यक्ष विनोद घोगळे, वीरेंद्र ठाकूर समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति से सभा का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा।

# डोंबिवली सर्वोदय सिम्फनी सोसायटी ने किया गीले कचरे का कम्पोस्ट

**पर्यावरण के लिए सभी सोसायटियों को मशीन लगाने की जरूरत**



**डोंबिवली(उत्तरशक्ति)।** पर्यावरण संतुलन और संरक्षण यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। समाज के लिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझकर डोंबिवली ठाकुर्ली के 90 फिट रोड पर स्थित सर्वोदय सिम्फनी सोसायटी ने कचरे का कम्पोस्ट तैयार करना शुरू किया है। प्रतिदिन 100 किलो कचरे पर मशीन द्वारा प्रोसेस कर खाद तैयार की जाती है। इस तरह सालभर में 50 टन कचरा डम्पिंग ग्राउंड में न जाकर खाद में परिवर्तित हो जाता है। इसके लिए पर्यावरण प्रेमी विक्रम वैद्य का महत्वपूर्ण सहयोग मिला है और प्लांट लगाकर अच्छे काम में शामिल करने के लिए डेवलपर का भी यहाँ के रहिवासियों ने आभार व्यक्त किया।गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर गीले कचरे पर प्रोसेस करने के लिए सर्वोदय सिम्फनी सोसायटी में डेवलपर ने एक मशीन लगाई है। इसमें रोजाना सोसायटी के 100 किलो गीले कचरे का वर्गीकरण किया जाता है। इसके लिए पर्यावरण प्रेमी विक्रम वैद्य ने मार्गदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण होना जरूरी है, इस बात की समझ इस सोसायटी के सभी रहिवासियों को है और वे सहयोग कर रहे हैं, ऐसा रहिवासी समीर प्रधान ने कहा।

पर्यावरण प्रेमी वैद्य ने कहा कि परियोजना सफल होने के लिए नागरिकों को घर पर ही कचरे का वर्गीकरण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि वास्तव में हर सोसायटी को अपनी जिम्मेदारी समझकर ऐसी मशीन लगाना आवश्यक है। डम्पिंग ग्राउंड पर गीला कचरा जितना कम जाएगा उतना ही पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा।

विशेष बात यह है कि यदि शहर की अन्य सोसायटियाँ भी इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग कर उस पर प्रोसेस करें तो कचरे की समस्या कुछ हद तक कम हो सकती है।

## शिरगांव किले पर स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत महाश्रमदान अभियान आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** गृहनिर्माण एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम स्वच्छोत्सव रखी गई है। यह पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में एक दिन, एक घंटा, एक साथ संकल्पना के अंतर्गत 25 सितम्बर को जिलास्तरीय स्वच्छता महाश्रमदान शिरगांव किले परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व, घर-घर शौचालय उपयोग, कचरा वर्गीकरण, प्लास्टिक बंदी तथा ऐतिहासिक धरोहर किलों के संरक्षण के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि अपने गांव को स्वच्छ, आदर्श और सतत स्वच्छता का मॉडल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक जिम्मेदारी निभाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध कराए गए औषध फवारणी यंत्र का उद्घाटन भी किया गया। इस स्वच्छता अभियान में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, पाणी एवं स्वच्छता विभाग के प्रकल्प संचालक अतुल पारसकर, गटविकास अधिकारी राहुल कालभोर, विस्तार अधिकारी जाधव, सातपाटी पुलिस स्टेशन के अधिकारी उद्धव सुर्वे, ग्रामपंचायत शिरगांव के सरपंच घनश्याम मोरे, उपसरपंच श्रीमती माली, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्रामपंचायत अधिकारी मंगेश पाटील सहित जिला परिषद के कर्मचारी, शालेय विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा वसई विरार ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी सेवा विवेक संस्था, भालिवाली गाँव, वसई तालुका में 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, वसई-विरार शहर जिला सेवा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में, सुनील राणेजी (क्षेत्रीय सह-संयोजक, सेवा पखवाड़ा) ने इस कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन कार्यों पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए और सभी का मार्गदर्शन किया, साथ ही विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत वॉक फॉर लोकल विषय पर मार्गदर्शन भी किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित विधायक, वसई विधानसभा) उपस्थित थीं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रज्ञाताई पाटिल जिला अध्यक्ष, वसई विरार शहर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री जोगेंद्र प्रसाद चौबे, बिजेंद्र कुमार, भूषण किनी, सेवा पंधरवाड़ा दिलीप गायकवाड़ ,पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पाटील ने की। साथ ही सेवा पंधरवाड़ा अभियान के सह-संयोजक, सेवा पंधरवाड़ा जिला समिति के सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला उपाध्यक्ष, जिला आघाड़ी, प्रकोष्ठ, प्रकोष्ठ प्रमुख, संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूरनपोली की नई शाखा डोंबिवली में खुली

**शाखा उद्घाटन का रिबिन प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने काटा**



**डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** पूरनपोली की नई शाखा डोंबिवली में खुल गई है, जिसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और प्रसिद्ध कलाकार कुशल बद्रीके ने किया। यह शाखा महाराष्ट्र की प्रामाणिक खाद्य संस्कृति का हिस्सा रहे पूरनपोली को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद करेगी। बतादे की पूरनपोली एक पारंपरिक महाराष्ट्रीयन व्यंजन है, जो चना दाल और शक्कर से बनाया जाता है। इसमें इलायची पाउडर और जायफल पाउडर जैसे मसाले भी मिलाए जाते हैं। पूरनपोली को घी में सेंककर परोसा जाता है।

डोंबीवली में इस पूरनपोली शाखा की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उद्घाटन के दौरान डोंबिवलीवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग पूरनपोली का स्वाद लेने के लिए उत्सुक दिखे। रवींद्र चव्हाण डोंबिवली से चार बार विधायक रहे हैं और वर्तमान में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने पूरनपोली घर की नई शाखा के उद्घाटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## अमेरिकन टूरिस्टर ने अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी संग लॉन्च किया नया कैंपेन

**मुंबई।** दुनिया के सबसे भरोसेमंद ट्रैवल गियर ब्रांड्स में से एक अमेरिकन टूरिस्टर ने ट्रैवल सीजन की शुरूआत अपने नए एनर्जी से भरपूर कैंपेन एवरीवन्स इन के साथ की। ये कैंपेन आज की युवा पीढ़ी की ज़िन्दादिली और नए अनुभवों के लिए जोश को सेलिब्रेट करता है, जो मानते हैं कि ज़िंदगी मजेदार तभी बनती है जब नए अनुभव और नए लोग साथ हों। जहाँ हर सफर खुली और इन्क्लूसिव दुनिया में और भी यादगार बन जाता है। सोनी म्यूजिक के साथ मिलकर तैयार किया गया यह जोशीला और फील-गुड कैंपेन सॉन्ग इस ट्रैवल मूड को और भी मजेदार बनाता है। ये कैंपेन उन सारे सोशल-लाइफ लविंग ट्रैवलर्स के लिए है, जो बस निकल पड़ते हैं मस्ती, नए दोस्तों और यादगार पलों की तलाश में। कैंपेन की सबसे बड़ी खासियत है एक 2 मिनट का ऑरिजिनल ट्रैक, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आती है। इसे जोनिता गांधी और खुद सिद्धांत ने गाया है। ये गाना आपको उसी बेफिक्र और एडवेंचरस रोड ट्रिप की फील देता है, जहाँ अजनबी भी दोस्त बन जाते हैं। खूबसूरत आउटडोर लोकेशन्स और स्टाइलिश विजुअल्स से भरपूर म्यूजिक वीडियो में सिद्धांत और अनन्या का मजेदार अंदाज झलकता है, जो लेट्स हिट द रोड वाली एनर्जी को पूरी तरह कैप्चर करता है। इस फिल्म के 20 और 30 सेकंड के एडिट्स डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर दिखाए जाएंगे, जो यात्रा की चाह और स्टाइल का ताजगीभरा अहसास कराएंगे। सोनी म्यूजिक के साथ ये कोलैबरेशन कैंपेन को एक खास पॉप-कल्चर टच देता है, जो ट्रैवल-फॉरवर्ड मैसेज से बखूबी जुड़ता है। कैची धुन और सपनों जैसी विजुअल्स के साथ, एवरीवन्स इन आज के युवाओं की उस भावना को दर्शाता है जो स्पॉन्टेनियस, सोशल और हमेशा नई जगहों को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार रहते हैं।

अनुश्री तैनवाला, एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट - मार्केटिंग, सैमसोनाइट साउथ एशिया ने कहा, आज का ट्रैवल सिर्फ डेस्टिनेशन तक पहुंचना नहीं, बल्कि नए एक्सपीरियंस, रास्ते में मिलने वाले लोगों और साथ में बनाए गए यादगार लम्हें हैं। एवरीवन्स इन के साथ, हम इस सोच में आए बदलाव को सेलिब्रेट कर रहे हैं। हमारा कैंपेन पूरी तरह से इन्क्लूसिविटी, स्पॉन्टेनिटी और यूथफुल एनर्जी के बारे में है। यह गाना उसी भावना को दर्शाता है, जिसके लिए हमारा ट्रैवल गियर जाना जाता है स्टाइलिश, भरोसेमंद और हर तरह की ट्रिप के लिए तैयार, चाहे वो वीकेंड रोड ट्रिप हो या अचानक बना प्लान।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ड्रम ताओ को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने जापान के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर परफॉर्मेंस ग्रुप ड्रम ताओ को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। अपनी दमदार प्रस्तुतियों, बारीक कोरियोग्राफी और मंचन की अभिनव शैली के लिए मशहूर ड्रम ताओ अब इस साझेदारी के जरिए भारत में अपनी अनोखी संगीत यात्रा पेश करेगा। जापानी धरोहर से प्रेरणा लेते हुए और भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर का यह नया सहयोग न सिर्फ.कला का उत्सव है बल्कि सामंजस्य, नवाचार और समावेश जैसे साझा मूल्यों को भी सामने लाता है, जो सीमाओं से परे जाकर पीढ़ियों को जोड़ते हैं। इस लॉन्च पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, श्री वरिंदर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स, सर्विस, यूज्ड कार बिजनेस एवं प्रॉफिट एन्हांसमेंट, ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में हम मानते हैं कि हमारे रिश्ते केवल मोबिलिटी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उससे आगे बढ़कर सार्थक जुड़ाव बनाते हैं। ड्रम ताओ के साथ हमारा यह सहयोग इसी भावना को दर्शाता है - जहां परंपरा और आधुनिक नवाचार मिलते हैं। संगीत और ताल की अपील सार्वभौमिक है, खासकर आज की युवा पीढ़ी के बीच, जो जीवंत, ऊर्जावान और प्रेरणादायक अनुभव पसंद करती है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# बलिया में टूटे विद्युत तार की चपेट में आने से दो सगी बहनों की मौत

- बलिया की इस दर्दनाक घटना ने जौनपुर में हुई घटना की दिला दी याद
- प्रदेश में कब रुकेगी इस तरह की घटनाएं, और कितनी जानें होंगी कुर्बान
- इसके जिम्मेदारों को कौन देगा सजा, पूछ रहा आम जनमानस

बलिया (उत्तरशक्ति)। जिले में सुखपुरा थाना क्षेत्र के जिला बस्ती के पास सेंट जेवियर्स स्कूल से घर लौट रही दो सगी बहनों की करंट लगने से मौत हो गई। इनमें एक अलका यादव कक्षा 7 व आंचल यादव (17) कक्षा 9 की छात्रा थी। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं दोनों बेटियों की मौत से मां सदमे में है। सड़क से लेकर कॉलोनी तक तीन फीट बरसात का पानी भरा हुआ है, जहां से होकर रोज मोहल्ले के लोग आते-जाते हैं। बुधवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद पानी से होकर दोनों बहनें गुजर रही थीं। इस दौरान बिजली का तार टूटकर



पानी में गिरने से दोनों करंट की जद में आने से बेहोश हो गई। आनन-फानन आसपास के लोगों ने दोनों बहनों को बाहर निकाल कर सीपीआर देकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर लगते ही जिला अस्पताल में कॉलोनी के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मोहल्लेवासी बिजली विभाग व स्थानीय कर्मियों की लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग को लेकर पोस्टमार्टम कराने से रोक दिया।

# घर से नाराज युवक ने गोमती नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक शाही पुल और शास्त्री पुल इन दिनों आत्महत्या का गढ़ बनते जा रहे हैं। आए दिन यहां से कूदकर जान देने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार की देर रात करीब 2:30 बजे एक बार फिर शाही पुल से कूदकर एक युवक ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुखीपुर निवासी मिठाई लाल सोनकर का 20 वर्षीय पुत्र नमन सोनकर देर रात घर में विवाद के बाद अचानक शाही पुल पर पहुंच गया। परिजनों को भनक लगते ही उसकी बहन प्रिया व एक साथी भी मौके पर पहुंचे और नमन को रोकने का भरसक प्रयास किया।



मगर वह सबको झटका देते हुए गोमती नदी में कूद गया। नदी में गिरते ही युवक डूब गया और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर चौकी प्रभारी सराय पोखरा सुनील कुमार यादव पुलिस बल और गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। रातभर तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। पुलिस व गोताखोरों की टीम अब भी नदी में शव की तलाश कर रही है। लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाओं ने शाही पुल और शास्त्री पुल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इन स्थलों पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए जाएं ताकि ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

# रामघाट शवदाह स्थल लगी सभी सोडियम लाइटें खराब, अंधेरे में जल रहीं चिताएं

## मोबाइल की रोशनी जलाकर परिजन जला रहे शव, अंधेर नगरी चौपट राजा

**सुशील गुप्ता**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। चौकियां धाम, पचहटिया, रामघाट शवदाह



स्थल लगे सभी सोडियम लाइट महीनों से खराब होने के कारण दूरदराज इलाकों से शाम रात को शव लेकर आने वाले लोगों को रामघाट पर अंधेरा होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रामघाट शवदाह स्थल पर रात होने पर दूरदराज इलाकों से शव लेकर आने वाले लोग मोबाइल की रोशनी से अपने परिजन के शव जला रहे हैं। नगरपालिका के विद्युतकर्मियों को बार बार सूचना देने के कारण स्थानीय लोगों को आश्वाशन दिया जाता है जल्द ही इसे ठीक कर लिया जाएगा वही जल रहे शव दाह संस्कार स्थल पर नगर पालिका द्वारा पांच लाइट महीनों से खराब हैं शाम होते ही शवदाह स्थल पर घोर अंधेरे में तब्दील हो जाता है। छेत्र के लोगो ने जल्द से जल्द लगे सभी खंभे पर सोडियम लाइट ठीक कराने की मांग की है जिससे आने वाले दिनों में शवदाह स्थल पर प्रकाश व्यथा पूर्ण हो शवदाह संस्कार करने आने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# सफाई का रखें विशेष ध्यान तभी रहेंगे स्वस्थ्य: सना सगीर

- नगर में हुआ स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम सम्पन्न
- मौजूद रहे सभी लोगों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत केराकत द्वारा 25 सितम्बर को अधिशासी अधिकारी सना सगीर की उपस्थिति में नगर वासियों और सभासदों की मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा के तहत एक दिन, एक घण्टा, एक जगह कार्यक्रम में श्रमदान किया गया। जिसमें नगर के वार्ड नालापार में स्थित काली माता मंदिर के समीप रोड पर नगर पंचायत केराकत की अधिशासी अधिकारी सना सगीर संग सभी वार्डों के सभासद व नगर वासियों और नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों के साथ सफाई श्रमदान किया गया साथ ही श्री राम लीला नाटक समिति (राम लीला मंच) के सामनें भी सभी लोगों के द्वारा श्रमदान किया गया। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी द्वारा मोहल्ला नालापार के नावघाट में स्थित पार्क में सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।




# सर्प दंश से युवक अचेत, डॉक्टरों ने बचाई जान

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। एक युवक की जान डॉक्टरों की तत्परता से बच गयी। जिसे एक जहरीले सर्प ने डस लिया था। जानकारी के अनुसार नगर के खुटहन रोड 40 वर्षीय सुभाष शर्मा पुत्र महावीर बुधवार की देर अपने मोटरसाइकल से कहीं किसी काम से जा रहे थे। जैसे वह घर से निकले और अपने मोटरसाइकिल पर जैसे ही बैठे तभी पहले से मोटरसाइकिल के इंजन के पास मौजूद साँप ने उक्त युवक को डस लिया और झाड़ियों में भाग निकला। आनन फानन में परिजनों ने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए युवक का इलाज शुरू किया। जिससे युवक की जान बच सकी। पीड़ित सुभाष शर्मा ने डॉक्टर और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। गुरुवार की दोपहर एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार दोपहर 12.45 मिनट पर जौनपुर की तरफ से आरही गांधी धाम एक्सप्रेस 15668 अभी क्षेत्र के आजाद रेलवे क्रासिंग ही पहुंची थी की एकदम क्रासिंग पर ही एक अधेड़ अपनी धुन में चला जा रहा था गेट मैन ने सीटी बजाकर बहुत चिल्लाया की हट जाओ ट्रेन ने भी कई बार हॉर्न दिया। मगर उक्त अधेड़ आखिर ट्रेन की चपेट में आ ही गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसआई सैय्यद हसन रिजवी ने शव को कब्जे में लेते हुए काफी देर शिनाख्त का पर्यास किया मगर मृतक की शिनाख्त नही हो पाई। अंततः पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव के पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष रही होगी इसके जेब से सुर्ती और रस्सी बरामद हुआ है।

# चौथे दिन देवी कुष्मांडा के दरबार में उमड़े श्रद्धालु, मां के जयकारे से गूंज उठा दुर्गा कुंड

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में नवरात्रि के चौथे दिन बृहस्पतिवार को देवी कुष्मांडा के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त भोर से ही माता के दर्शन के लिए लाइन में लग गए। लोगों ने दुर्गा कुंड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में विधि- विधान से दर्शन-पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर व पुलिस प्रशासन अलर्ट



रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भक्तों के लिए तीन किलोमीटर लंबा रेड कार्पेट भी बिछाया गया है। मंदिर के पुजारी सोनू ने बताया कि आज चौथे दिन माता का स्वर्ण श्रृंगार हुआ है। मां कुष्मांडा का रोज अलग-अलग रूप में श्रृंगार होता है। पुजारी ने बताया कि यहां हर व्यक्ति अपनी पत्नी, मां और बच्चों को लेकर आता है। यहां पर संतानोपत्ति का भी आशीर्वाद मिलता है। माता के दरबार में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी है। भक्त माता के दर्शन के लिए कतार बद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यहां पर भक्तों को सुलभ दर्शन हो सके इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है।

# बोरी में भरा शव तार पर लटका मिला

- पड़ोसी युवक पर शक, परिवार ने की फांसी और बुलडोजर कार्रवाई की मांग
- तनावपूर्ण माहौल, भारी पुलिस बल तैनात, एसपी ग्रामीण ने दिया न्याय का भरोसा

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान के सामने गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। करीब सात साल के मासूम बच्चे शाजेब अली पुत्र मुकर्रम की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसका शव एक बोरी



में ठूंसकर तार पर लटकता हुआ मिला। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, शाजेब बुधवार शाम से लापता था। परिवार ने खोजबीन की और स्थानीय थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस की ओर से कोई सक्रियता नहीं दिखाई गई। पूरी रात बेटे की तलाश में परेशान परिवार को सुबह तक कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोग दुकानें खोलने लगे, तो रामलीला मैदान के पास एक संदिग्ध बोरी तार से लटकी देखी। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बोरी खोलने पर शाजेब का क्षत-विक्षत शव मिला, जिसके बाद इलाके में हाहाकार मच गया। परिजनों ने हत्या का शक पड़ोसी युवक मंटू निगम पुत्र राजू निगम पर जताया है। आरोप है कि शाजेब मंटू के संपर्क में था। घटना से पहले पूछताछ पर मंटू ने बताया था कि उसने बच्चे को झूला झुलाया और फिर गली में छोड़ दिया था। उसके बाद से शाजेब गायब हो गया। गुस्साए परिजनों ने आरोपी को फांसी देने और योगी सरकार से बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। शाजेब की मां-पिता का रो-रोकर दर्द देखते ही बन रहा है।

घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस और पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए हैं। शाजेब की शिक्षिका ने भी बच्चे को होनहार छात्र बताते हुए आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की है। मामले में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों को फिरौती की कॉल आने की जानकारी मिली है। जिसकी गहन जांच की जा रही है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, स्थानीय थाने पर लापरवाही के आरोपों की भी जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# गरीबों की आवाज सरकार तक पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य: कृष्णा जायसवाल

- चेयरमैन एसोसियेसन उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न

**गुड़िया बिन्द**

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शासन के स्वकर प्रणाली को देखते हुए आमजनमानस के हीत में चेयरमैन एसोसियेसन उत्तर प्रदेश की बैठक प्रतापगढ़ में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़, एवं कार्यक्रम के आयोजक अशोक जायसवाल जिला अध्यक्ष पट्टी प्रतापगढ़ के द्वारा किया गया। जिसमें नगर पंचायत केराकत का प्रतिनिधित्व चेयरमैन ज्योति जायसवाल के पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल गोलू द्वारा किया गया। गोलू द्वारा शासन द्वारा लागू स्वकर प्रणाली के तहत गरीबों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रयास किया गया। इस मौके पर कृष्णा जायसवाल ने बैठक में सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आम जनमानस की आवाज सरकार तक पहुचाने के लिए ही जनप्रतिनिधि को चुना जाता है, चेयरमैन असोसियेसन प्रदेश अध्यक्ष नें कहा कि नवंबर



तक इसमें बड़े स्तर पर संशोधन किया जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों की राय रही की सरकार को जलकर को माफ करें व जलमूल्य कर को लागू रखें व 5 गुना गृह कर को संशोधित कराने की बात रखी गई। उक्त बैठक में लगभग 200 चेयरमैन प्रदेश के विभिन्न नगर पंचायतों के सम्मिलित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केराकत नगर पंचायत अध्यक्ष पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल गोलू नें कहा कि केराकत नगर की जनता पर प्रदेश सरकार द्वारा लगाये गये भारी भरकम जल मुल्य व गृहकर आदि टैक्स को कम कर लगाये जाने के लिए शासन अस्तर पर मेरे द्वारा तेजी के साथ प्रयास किया जा रहा है।

# बीजपुर मुर्धवा मार्ग पर अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

म्योरपुर,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र म्योरपुर के बबनडीहा गांव व देवरी गांव में बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर बुधवार की रात करीब नौ बजे अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पहली घटना में रेणुकूट से बाइक से आ रहे हैं श्रवन कुमार 22 वर्ष पुत्र रामकिशुन की बबनडीहा गांव के पास पिकअप की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने गया था। 12 अक्टूबर को उसकी बहन की शादी थी। वहीं हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

दूसरी घटना देवरी गांव में घटी जब डूभा गांव से बांस लादकर म्योरपुर आ रही एक ट्रैक्टर देवरी गांव में नियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर पर सवार हीरा सिंह 55 वर्ष



पुत्र पंचम गोड़ निवासी परनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजेंद्र कुमार 50 वर्ष पुत्र रूपनाथ निवासी डूभा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० अंकित राज सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता एक महिला का शव

## चोपन थाना क्षेत्र के अबाड़ी में शव मिलने की खबर लगते ही क्षेत्र में मचा हड़कंप

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। चोपन थाना क्षेत्र के अबाड़ी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मशहूर पिकनिक स्पॉट अबाड़ी क्षेत्र में एक 19 वर्षीय विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिला। मृतका की पहचान कौशल्या पत्नी पानकुंवर खरवार की निवासी भवानी कटरिया के रूप में हुई। पिता हरि सिंह खरवार के अनुसार कौशल्या अपने मायके आई हुई थी



बीते रविवार को मै और मेरी पत्नी कही काम से गए थे और जब दोपहर बाद लौटे तो घर में अपनी बेटी कों नहीं पाए तो लगा कि कही गांव में होंगी। लेकिन जब रात ज्यादा हो गई तो मन घबड़ा गया और गांव में खोजबीन करने लगे फिर भी कुछ पता नहीं चल सका। रिश्तेदारों के यहां मोबाइल द्वारा और जाकर भी पता किया गया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बुधवार शाम को उसके पिता घर के पीछे जब जंगल में किसी काम से गए, तो उन्होंने अपनी बेटी का शव पेड़ से लटका देखा तो आवक रह गये। जिसके बाद प्रधान को घटना की जानकारी दी गईं। वही घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल लोढ़ी भेजवा दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिलाधिकारी की उपस्थिति में प्रेक्षागृह में एग्री स्टैक कार्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) कार्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों से कहा कि आज से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करे दे, उनके द्वारा स्वयं भी निरीक्षण किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री में पिछले दिनों बहुत अच्छा कार्य हुआ है। शासन के द्वारा निर्णय लिया गया है कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अक्टूबर तक पूर्ण कर लेना है विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी कैम्प लगाकर किया जाना है। आगामी किसान सम्मान निधि उन्ही किसानों को मिलेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बन जाएगी, इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्य मे कोई लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

जिलाधिकारी के द्वारा लेखपाल



नीलेश सिंह और प्रवीण कुमार का अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत तहसील सदर की समस्त महिला लेखपाल की प्रसंशा करते हुए कहा गया कि इस पद पर कार्य करते हुए सेवा करने की अपार सम्भावनाए है।

सभी लेखपाल नागरिकों के प्रति निष्ठा रखते हुए कार्य करे और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुचांने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री के द्वारा नारी स्वावलम्बन, नारी की सुरक्षा और सम्मान के निर्देश दिये गये है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ, उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत मैराथन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत मैराथन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगण के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है, जिसके लिए न्याय व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन किया गया है उन्होंने महिला सुरक्षा आदि के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के लिए बनाए गए कानून के प्रति अवश्य सजग रहे। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने मिशन शक्ति के तहत पुलिस विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति फेस 5 प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हेतु शासन द्वारा ऐसे सख्त कानून बनाये गये है, जिसके अन्तर्गत बेटियों/महिलाओं के प्रति कुदृष्टि रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत अब महिलाएं अपने अपमान का जवाब देने की क्षमता रखती है। अब महिलाएं सशक्त, स्ववलम्बी और अत्मनिर्भर बन रही है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा महिला हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, और 181 के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि जनपद में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत इसी तरह कार्यक्रम चलते रहेंगे, जिसमें बालिकाओं और महिलाओं को निडर होकर आगे बढने और अन्याय के प्रति डटकर सामना करने, महिलाओं की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात माननीय जनपद न्यायाधीश जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महिला स्वावलंबन की मिसाल तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता उत्पन्न करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला उपनिरीक्षक पुष्पा सिंह, प्रतिमा सिंह, मिथिलेश तिवारी सहित अन्य को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक घर छात्र-छात्राएं सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की एंटी रोमियो टीमो के द्वारा दुर्गा पंडालों सहित सार्वजनिक स्थानें पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत उनकी उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए तथा हेल्पलाइन नंबर, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-108, 102, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर अपराध-1930 तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं, विधवा पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गई।



# शिवपुर में बाइक चोरी का मामला: भूलवश छूटी बाइक, सीसीटीवी से खुला राज

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के शिवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास से नटिनियादाई जाने वाली सड़क पर स्थित लॉन में 24 सितंबर 2025 को शाम करीब 5 बजे एक अजीबोगरीब घटना घटी। एक व्यक्ति, जो टीवीएस स्टार स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर एक कार्यक्रम में शामिल होने लॉन में जा रहा था, तभी वह अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर भूल गया और पैदल लॉन में चला गया। पार्टी में शामिल हुआ जब वह रात में घर लौटने पर जब उसे अपनी बाइक लॉन के पास नहीं मिली, तो उसने तुरंत डायल 112 पर पीआरबी को सूचना दी और शिवपुर थाने में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई। अगले दिन, 25 सितंबर 2025 को सुबह, लॉन के मालिक ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि एक फास्ट फूड की दुकान के पास एक बाइक खड़ी है। दुकानदार ने बताया कि एक व्यक्ति ने बाइक वहां खड़ी की और चला गया, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इसके बाद, पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांचने पर साफ हुआ कि वही व्यक्ति, जिसने बाइक खड़ी की थी, उसे छोड़कर पैदल चला गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत चांदमारी चौकी पर दी। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक मालिक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, जहां एक भूल ने चोरी के शक को जन्म दिया।

## युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्समान समारोह संपन्न



**मुंबई।** मुलुंड (पश्चिम) स्थित जी.एस. शेट्टी हॉल में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता श्री राकेश शेट्टी के आयोजन में युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह, माननीय उपाध्यक्ष डॉ. बाबूलाल सिंह, सचिव राजेश इंगले, जिला कांग्रेस कार्याध्यक्ष उत्तम गीते, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती लाजवन्ती शेट्टी, जिला सेवादल अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा और साहब दयाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में मुंबई युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित ई.मु. जिला अध्यक्ष शेखर जगताप, महासचिव मनोज संसारे और विदुर गंगवानी, मुलुंड युवक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य गीते, वार्ड 103 अध्यक्ष हिमांशु जोशी, तथा वार्ड 108 अध्यक्ष राकेश पाण्डेय का सम्मान शाल, पुष्पगुच्छ एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह, मोहित सिंह, अरविन्द यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. आर.एम. पाल, एड. शरीफ खान, संतोष सोनावने, राकेश राघवन, हरीश गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता जोशी, सेवादल अध्यक्ष संतोष सिंह, राजेंद्र उठवाल, करुणा निधि, विट्ठल सातपुते, अब्दुल जब्बार, अलका सावला, कालिंदी सिंघाड़े सहित अनेक गणमान्य नेताओं एवं कार्यकताओं ने उपस्थित होकर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में युवाओं के जोश और एकजुटता की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

## डॉ.दंपति ने किया चिकित्सको का सम्मान सत्कार



**झुंझुनूं।** कस्बे की चित्रकूट कॉलोनी स्थित नोबल आयुर्वेद हॉस्पिटल एवं पंचकर्म सेंटर झुंझुनूं के अवलोकनार्थ सीकर से आए चिकित्साधिकारियों का स्वागत सत्कार मोमेंटो प्रदान कर किया गया।आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जमुना रिसॉर्ट होटल में हुए कार्यक्रम में शिरकत कर यहां पहली बार आए सीकर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वर्मा, प्रांतीय पीजी संघ के अध्यक्ष डॉ.सुरेश रॉयल,झुंझुनूं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. मदनलाल सैनी और उदयपुरवाटी ब्लॉक नोडल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमावत।इस दौरान उन्होंने आयुर्वेद अस्पताल का अवलोकन किया और यहां की व्यवस्था को सराहते हुए कहा कि आज की मांग के अनुसार यह हॉस्पिटल पूर्णतया से सुसज्जित और सेवा के सोपान तय करने में आज के दौर में अन्यों से काफी किफायती है। इस मौके पर बतौर अतिथि सत्कार करते हुए आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार झाझड़िया एवं उनकी धर्म पत्नी डॉ. रामा कसवां ने मोमेंटो प्रदान कर सभी आगंतुक महानुभावों का सम्मान किया। आयुर्वेद विषय पर चर्चा करते हुए अस्पताल में संचालित आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म सेवाओं का जिक्र किया और हो रहे कार्यों की सराहना की।आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने की मंशा से बना यह हॉस्पिटल निश्चित ही आने वाले समय में एक दिन लोगो की जुबान पर होगा और हॉस्पिटल की संचालित सेवाओं को देखते हुए ग्रामीणों के लिए यह अत्यंत उपयोगी भी सिद्ध होगा।

## निमोनिया का लक्षण दिखे, तो चिकित्सक से लें सलाह : डॉ अमरेंद्र कुमार राठौर



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज खांसी अगर लंबे समय से है और खांसी के साथ खून आता है। साथ ही बलगम हो, थकान महसूस हो तो यह निमोनिया का गंभीर लक्षण है, तुरंत डॉकटर से सलाह ले।उक्त बातें बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज अनुमंडलीय शहर के आशीर्वाद कॉम्प्लेक्स स्थित पूर्व सिविल सर्जन स्व. डॉ रामाश्रय सिंह के पुत्र डॉ अमरेंद्र कुमार राठौर ने कही है। कहा कि भीड़ भाड़ वाले स्थान पर जाए तो मास्क जरूर पहने। बच्चे एवं बुजूर्ग को विशेष सतर्कता की जरूरत है। अस्थामा के मरीज भी सावधानी बरतें। बताया कि बार-बार सर्दी-जुकाम होना, छींक आना, धूल से बेचैनी व एलर्जी होना, नींद संबंधित बीमारी, छाती में वजन लगना, सांस फूलना आदि हो तो डॉक्टर से निश्चित रूप से सलाह ले।कहा कि दूरबीन द्वारा छाती के गांठ की भी जांच कराएं। निमोनिया छाती का गंभीर इंफेक्शन माना जाता है।

## विद्युत विभाग का सेवा पखवाड़ा शुरू, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का प्रयास



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की है। इस पहल के तहत, महाराजगंज डिविजन के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंड मुख्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में बिजली बिल से संबंधित गड़बड़ी, मीटर रीडिंग की समस्या, नए कनेक्शन के आवेदन, और अन्य तकनीकी शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जाएगा। महाराजगंज विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दिलीप कुमार ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य इस कार्यक्रम को प्रभावी और सफल बनाना है ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं, जैसे कि प्रीपेड मीटर और 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। सहायक अभियंता ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी सेक्शन के कनीय अभियंता और अन्य कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

# वॉल्वो ईएक्स 30 ने स्टाइल के साथ रखा कदम, 3999000 रुपये में प्री-रिजर्व का मौका



**मुंबई।** इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। वॉल्वो कार इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित वॉल्वो ईएक्स30 की कीमतों का एलान कर दिया। यह ब्रांड की सबसे ज्यादा सस्टेनेबल एवं स्टाइलिश इलेक्ट्रिक कार है। 41,00,000 रुपये की इंट्रोडक्टरी एक्स-शोरूम कीमत के साथ ईएक्स30 लक्जरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तक पहुंच को आसान बनाने के लिए तैयार है।

इस त्योहारी सीजन में वॉल्वो कार इंडिया अपने डीलर्स के साथ मिलकर 19 अक्टूबर, 2025 से पहले प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 39,99,000 रुपये की विशेष कीमत में ईएक्स30 की बुकिंग का मौका देते हुए खुशियां बांट रही है। यह स्पेशल प्री-रिजर्स कीमत सीमित समय के लिए है। ज्यादा जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर संपर्क कर सकते हैं। यह कार पांच रंगों में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी नवंबर, 2025 के पहले हफ्ते से शुरू की जाएगी। यह वॉल्वो का तीसरा ईवी मॉडल है, जिसे बेंगलुरु के होसकोटे स्थित कंपनी के संयत्र में असेंबल किया गया है।

प्रत्येक ईएक्स30 के साथ स्टैंडर्ड ऑफर के रूप में 11 किलोवाट का एक चार्जर मिलेगा। ईएक्स30 से सस्टेनेबल मोबिलिटी, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और संपूर्ण सुरक्षा को लेकर वॉल्वो की प्रतिबद्धता की झलक दिखती है।

वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा, ह्यप्री-रिजर्व करने वालों के लिए स्पेशल बेनिफिट के साथ इस शानदार कीमत पर भारतीय बाजार में वॉल्वो ईएक्स30 को पेश करते हुए हम रोमांचित हैं। हमें भरोसा है कि यह मॉडल ऐसे इनोवेटर्स एवं अचीवर्स के नए सेगमेंट के बीच लक्जरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की अपील को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा, जो पावर, डिजाइन और सस्टेनेबल लक्जरी के प्रशंसक हैं। अपनी आकर्षक परफॉर्मेंस, एक्सटेंडेड रेंज, सॉफिस्टिकेटेड लुक और आसान ऑनरशिप पैकेज की सहूलियत के साथ ईएक्स30 हमारे ग्राहकों को ईवी का एक नया अनुभव देने के लिए तैयार है।

वॉल्वो की लाइनअप में सबसे ज्यादा सस्टेनेबल (पर्यावरण के अनुकूल) कार के रूप में ईएक्स30 का कार्बन फुटप्रिंट अब तक की वॉल्वो की सभी फुल इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की तुलना में सबसे कम है।

इसका आकर्षक इंटीरियर डेनिम, पीईटी बोतलों, एल्यूमीनियम और पीवीसी पाइप समेत विभिन्न रीसाइकिल किए गए मैटेरियल से तैयार किया गया है। स्कैंडिनेवियन डिजाइन और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को साथ रखते हुए ईएक्स30 ने यूरो एनसीएपी सेफ्टी टेस्ट में 5-स्टार रेटिंग पाई है। ईएक्स30 में टक्कर से बचाव के लिए इंटरसेक्शन ऑटो ब्रेक, डोरिंग एक्सीडेंट से बचाने के लिए डोर ओपनिंग अलर्ट और एडवांस्ड सेफ स्पेस टेक्नोलॉजी है, जिसमें 5 कैमरा, 5 रडार और 12 अल्ट्रासोनिक सेंसर्स का प्रयोग किया गया है।

ईएक्स30 में 8 साल की बैटरी वारंटी और एक वॉल बॉक्स चार्जर मिलता है। अपनी डिजिटल ह्यकीह्न फंक्शनैलिटी के साथ इस कार ने सहूलियत को नई परिभाषा दी है। एनएफसी का प्रयोग करते हुए सिर्फ एक कार्ड को टैप करके कार को अनलॉक किया जा सकता है। वॉल्वो कार एप पर डिजिटल ह्यकीह्न प्लस की मदद से आपका फोन भी एक चाबी की तरह काम करता है, जिससे आसान और स्मार्ट एक्सपीरियंस मिलता है।

## अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**प्रयागराज(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन अतिथि गृह संभागार,प्रयागराज में अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चंद्र शुक्ला के प्रयागराज आगमन पर संगठन की मंडल इकाई द्वारा भव्य अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की मंडल इकाई का सम्मेलन भी संपन्न हुआ, जिसमें पत्रकारिता जगत से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चंद्र शुक्ला का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने की, उन्होंने कहा किसी संगठन की प्राण वायु का श्रोत कार्यकर्ता हैं उन्हीं से संगठन का अस्तित्व रहता इसलिए आप सभी स्वतंत्रता पूर्वक कार्य करें हमारा हर तरह का सहयोग सदैव आपके साथ है। वहीं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा ने सभी सदस्यों की प्रसंशा करते हुए कहा संगम नगरी प्रयागराज में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम में शामिल होना हमारा सौभाग्य है आप सभी का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि यह कार्यकारिणी संगठन की पूरे भारत की सबसे मजबूत कार्यकारिणी होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव ने किया उन्होंने ने कहा यह कार्यक्रम अध्यक्ष के अभिनंदन एवं सम्मान में रखा गया था उनका आशीर्वाद इसी तरह प्राप्त होता रहा तो हम जल्द ही संगठन को प्रदेश स्तर विस्तारित कर एक अलग पहचान देने में सफल होंगे।कार्यक्रम आयोजन मंडल प्रभारी देवेंद्र त्रिपाठी ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की शानदार सफलता हेतु नव नियुक्त सदस्यों को बधाई प्रेषित की और जिला अध्यक्ष कुश द्विवेदी की कार्य शैली को भी सराहा।जिलाध्यक्ष कुश द्विवेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए कार्यकारिणी विस्तार एवं कार्ययोजना पर अपना मंतव्य ब्यक्त किया। जिला महामंत्री अनिल कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष जय अग्रहरि, जिला मंत्री अमरजीत यादव एवं मंत्री राम सिंह यादव सहित, सतीश मिश्रा प्रयाग प्रभात, हनुमान शुक्ला दूध नाथ पांडेय, सुरेश तिवारी, अमन कुमार मिश्रा सूर्य कुमार मौर्य अन्य गणमान्य अतिथि सभागार में मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती,पत्रकारों की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु एकजुट रहने पर बल दिया। समारोह में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं पत्रकार उपस्थित रहे और सभी ने संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## अभिजीत राणे ने मां दुर्गा के आशीर्वाद के साथ किया समाजसेवियों का सम्मान



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** धड़क कामगार यूनियन के संस्थापक महासचिव अभिजीत राणे के निवास पर मां दुर्गा के दर्शन हेतु पहुंचे अनेक गणमान्य व्यक्तियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव, उत्तर यादव युवा संघ एवं उत्तर भारतीय रेल संघर्ष समिति के वाइस प्रेसिडेंट के रूप में पहुंचे। उनके साथ उनके अनुज, इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट डायरेक्टर एक यादव भी मौजूद रहे। मां दुर्गा के चरणों में आस्था प्रकट करने के बाद, अभिजीत राणे एवं उनकी टीम ने दोनों ही अतिथियों का जोरदार स्वागत व सम्मान किया। कैलाश यादव ने इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा अभिजीत राणे केवल एक नाम नहीं, बल्कि मजदूर वर्ग के लिए एक मसीहा हैं। वह दिन-रात एक कर-के कामगारों की समस्याओं का समाधान करते हैं। ऐसा कोई मजदूर नहीं गया होगा जो उनके ऑफिस में रोते हुए गया हो और हंसते हुए न लौटा हो। इस गरिमामय अवसर ने यह स्पष्ट कर दिया कि अभिजीत राणे न केवल एक संगठनकर्ता हैं, बल्कि एक जननायक हैं, जो श्रमिकों और आम जनमानस की भलाई के लिए सदैव समर्पित रहते हैं। धड़क कामगार यूनियन की यह पहल समाज के हर वर्ग को जोड़ने और सम्मान देने की प्रेरणा देती है।

## बैंक ऑफ इंडिया में कवि सम्मेलन के साथ मनाया गया हिंदी दिवस समारोह




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय बीकेसी ,मुंबई में हिंदी दिवस(पखवाड़ा )के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों से लेकर कार्यपालकों तक विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं जैसे- सुलेख, समाचार वाचन, गीत गायन, दृश्य-श्रव्य, हिंदी टंकण, बैंकिंग उत्पाद एवं राजभाषा ज्ञान आदि प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के सफल संचालन में महेश दूबे, डॉ.रजनीकांत मिश्र, श्रीमती सोनल जैन ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। बैंक ऑफ इंडिया में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यपालक निदेशक पी आर राजगोपाल, कार्यपालक निदेशक राजीव मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी विष्णु कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधक तथा अन्य स्टाफ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे। राजभाषा प्रभारी सुश्री मऊ मैत्रा ने राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी माह के दौरान आयोजित गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात, महाप्रबंधक बिश्वजीत मिश्र ने सभी का हार्दिक स्वागत किया और राजभाषा गतिविधियों के बारे में वृहत जानकारी दी। कार्यपालक निदेशक राजीव मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा विभाग अच्छा कार्य कर रहा है और आने वाले समय में सभी अंचलों को राजभाषा पुरस्कार हेतु सक्रिय प्रयास करने चाहिए। कार्यपालक निदेशक पी आर राजगोपाल ने कहा कि हम सभी को प्रेम के साथ हिंदी भाषा का प्रयोग बढ़ाना चाहिए। माननीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के हिंदी संदेश का वाचन महाप्रबंधक श्रीमती अंजलि भटनागर द्वारा किया गया। अंत में, महाप्रबंधक वासुदेव द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया। उन्होंने उपस्थित कवियों के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद दिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत महाराजगंज एसडीओ, एसडीपीओ ने दिया श्रमदान



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सीवान जिला अंतर्गत महाराजगंज अनुमंडल के एसडीओ अनीता कुमारी, एसडीपीओ अमन कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों व आम जनता के साथ शहर के कलेक्टरी पोखरा पर सेवा पखवाड़ा के तहत छठघाट की साफ-सफाई की।

एसडीओ अनीता कुमारी, एसडीपीओ अमन कुमार ने नपं के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ हाथ में कुदाल झाड़ू लेकर साफ-सफाई की । उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सामाजिक क्षेत्र में काम करना प्रथम धर्म होना चाहिए।

और इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है।

इस सेवा के तहत महाराजगंज के पूर्व विधायक हेमनारायण साह एसडीओ अनीता कुमारी, एसडीपीओ अमन कुमार ने आम जामुन आदि फलदार पौधा लगाकर वातावरण को हरा भरा रखने के प्रति जागरूक किया। मौके पर बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र पासवान, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र, नगर पंचायत के बड़ा बाबू प्रत्यूष उर्फ मनु सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शक्ति शरण प्रसाद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव, अमरजीत सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय सिंह, समाजसेवी सुप्रिया कुमारी, दिलीप कुमार सिंह, सुमन कुमार सेनानी आदि लोग सेवा पखवाड़ा में शामिल थे।

## आल्टामाउंट रोड का अंबे माता पंडाल 22 सितम्बर से



लालबाग के राजा के डिजाइनर की भव्य सजावट, आयोजन में आनंद अंबानी का सहयोग

**मुंबई।** मुंबई की आल्टामाउंट रोड इस नवरात्रि ह्यआल्टामाउंट रोड ची अंबे माताह्न के स्वागत के लिए सज-धजकर तैयार है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह पंडाल सोमवार, 22 सितम्बर से भक्तों के दर्शनार्थ खुलेगा और गुरुवार, 2 अक्तूबर 2025 तक अपनी दिव्यता में आमंत्रित करता रहेगा। यंग स्टार कमेटी द्वारा आयोजित और आनंद अंबानी के उदार सहयोग से प्रायोजित, यह उत्सव कर्मचारियों, परिवारों और भक्तों को एक साथ लाने वाला अवसर बनेगा—पूरे दस दिनों तक पूजा-अर्चना, गरबा की संगीतमय रातें और सामूहिक उत्सव इसकी पहचान रहेंगे। अंबानी परिवार के प्रतीकात्मक आवास 'एंटीलिया' के समीप स्थित यह पंडाल दक्षिण मुंबई के सबसे चर्चित नवरात्र आयोजनों में गिना जा रहा है। इस वर्ष की थीम गुजरात के प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर की आध्यात्मिक भव्यता का पुनर्निर्माण है, जिसे प्रख्यात आर्ट डायरेक्टर योगेश पोपट ने डिजाइन किया है। पोपट इसी वर्ष लालबाग का राजा की भव्य सजावट के साथ-साथ आनंद अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह समारोह के शानदार मंच-निर्माण के लिए जाने जाते हैं। आगंतुक भक्तों के लिए वे इस बार भी अद्वितीय और विस्मयकारी सजावट का अनुभव रचने का वादा करते हैं। नवरात्र के सेवा और समर्पण के भाव को जीवित रखते हुए, पंडाल प्रतिदिन सैकड़ों आगंतुकों और मार्ग से गुजरने वालों के लिए प्रसाद भोजन की व्यवस्था करेगा, जिससे कोई भी आशीर्वाद और आतिथ्य से वंचित न रहे। भव्य उत्सव का समापन विशेष विसर्जन समारोह से होगा, जो उतना ही यादगार और भव्य होगा जितना पूरा आयोजन। नगर भर से भक्तों और आगंतुकों को इस दैवीय वातावरण के साक्षी बनने, गरबा की जीवंत संध्याओं का आनंद लेने और आल्टामाउंट रोड की अंबे माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती




**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में बीजेपी कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को अंत्योदय दिवस के तौर पर मनाया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पोस्ट माला अर्पित की ।एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई। महाराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष के निवास पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम के बाद बीजेपी के जिला मंत्री अवधेश पांडेय ने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय की सोच अंतिम व्यक्ति के उत्थान को समर्पित थी। उनका विजन समाज के अंतिम व्यक्ति की आश्यकताओं पर केंद्रित था। वह हमेशा समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के बारे में काम करने की बात कहते थे। बीजेपी के नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय भारतीय जन संघ के संस्थापक और पॉलिटिकल थिंकर थे। उनका मानना था कि अंतिम व्यक्ति का भी कल्याण हो। जिस व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनका कल्याण हो और सामाजिक समानता स्थापित हो सके। बीजेपी सीवान पूर्वी के प्रक्ता दिलीप सिंह ने कहा आखिरी व्यक्ति का उत्थान ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय का मंत्र था। भारतीय जनता पार्टी अब उनके मिशन को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में उनके जन्मदिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मौके पर नवीन पांडेय , मोहम्मद् अरिफ नगर महामंत्री, ललन सिंह, दिलीप कुमार सिंह, रिशु तिवारी, भोला, प्रमोद, आत्मा सिंह, सतेंद्र सिंह, तमन्ना, मोड्ड गुड्डु, चंदन राम, उपेंद्र तिवारी, उदय जी महाराज आदि कई दर्जन लोग शामिल थे।






## पूर्वांचल के बाहुबली नेता बृजेश सिंह का सुरियावा में भव्य सम्मान



भदोही । पूर्वांचल के बाहुबली नेता तथा पूर्व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह का रविवार को सुरियांवा थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा 51 किलो के फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा वहीं उनको गदा भेट किया गया। इस दौरान पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह सुरियावां थाना क्षेत्र परिसर में पहुंचे जहां थाना परिसर में बने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि विधान के साथ दर्शन पूजन किया। इस दौरान बृजेश सिंह ने कहा कि जनता की सेवा के लिए जो भी मुझे जिम्मेवारी मिलेगी, मैं करता रहूंगा।उनके साथ आए वर्तमान विधान परिषद सदस्य अन्नपूर्णा सिंह के प्रतिनिधि संजय ने नगर के वार्ड संख्या 5 में 800 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की । अध्यक्ष विनय चौरसिया ने इसके लिए एमएलसी व पूर्व एमएलसी के साथ ही वर्तमान एमएलसी प्रतिनिधि का भी आभार जताया। इस मौके पर रमाकांत जायसवाल, मनु सिंह, पंजाबी मोदनवाल, जलालुद्दीन सिद्दीकी, गिरजा शंकर, अभिषेक कुमार ,टोनी सिंह , रितेश सिंह, गोपाल विक्की सिंह, विजय वर्मा समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बिजली कर्मियों का 302वें दिन भी आंदोलन जारी

-सुरेश गांधी

वाराणसी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले बुधवार को बनारस के बिजलीकर्मियों ने बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन 302वें दिन में पहुंच गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन के माध्यम से निजी घरानों के साथ गुप्त सौदेबाजी की जा रही है, जिसे वे लगातार उजागर कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के पहले बिजलीकर्मियों पर चल रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयां तत्काल रोकी जाएं। साथ ही रेलकर्मियों की तरह 78 दिन का बोनस भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि 24 घंटे जनता को सेवा देने वाले बिजलीकर्मियों की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

केंद्रीय पदाधिकारियों का कहना




था कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की तैयारियों ने ऊर्जा निगमों के भीतर कार्य का वातावरण बिगाड़ दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि बिजलीकर्मी महाकुंभ से लेकर भीषण गर्मी तक निर्बाध आपूर्ति का रिकॉर्ड बना चुके हैं, जिससे प्रदेश की छवि राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई है। ऐसे में निजीकरण का निर्णय तुरंत निरस्त कर निगमों में स्वस्थ और सुरक्षित माहौल बहाल किया जाए। संघर्ष समिति ने गंभीर आरोप लगाया कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन के कुछ उच्च अधिकारी और शासन के कुछ प्रभावशाली लोग निजी कंपनियों से मिले हुए हैं और प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण थोपने की साजिश रच रहे हैं। सभा को विजय सिंह, अंकुर पांडेय, हेमंत श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, अभिषेक शुक्ला, चंद्रशेखर सिंह, नवीन कुमार, पंकज यादव, एस.के. सरोज, प्रवीण कुमार, देवेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, सुशांत सिंह, धर्मेंद्र यादव, बृजेश यादव, रमेश यादव और रमेश सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

## होटल गैलेक्सी पर विद्युत विभाग का छापा, बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

-विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत विभाग चलाये जा रहे विद्युत चोरी, कटिया कनेक्शन, आदि के तहत बुधवार की शाम विद्युत विभाग ने कई प्रतिष्ठानों एवं बड़े बकायेदारों के यहां छापा मारा। जिसमे एक होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग उपखण्ड शाहगंज के अवर अभियंता रामप्रकाश गुप्ता ने अपनी टीम के साथ नगर के आयोध्या मार्ग पब्लिक स्कूल के पीछे चर्चित होटल गैलेक्सी पर छापा मारा। जहां विद्युत विभाग की टीम बिजली चोरी और कटिया मार कर विद्युत चलना पाया। अवर अभियंता राम प्रकाश गुप्ता ने बताया की होटल संचालक शुभम गुप्ता पुत्र अशोक अग्रहरि के होटल में चेकिंग के दौरान उक्त उपभोगकर्ता बिना वैध विद्युत संयोजन uppcl की Lt लाइन से दो कोर केबिल काला रंग के द्वारा कटिया डाल कर अवैध रूप से विद्युत का इस्तेमाल किया जा रहा था।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फामेर्सी विभाग, वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर (उत्तरशक्ति) । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के फामेर्सी विभाग में आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रस्तुति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र सिंह एवं प्रो. नरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा वितरक ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रहरी भी हैं। सही दवा, सही मात्रा और सही समय पर उपलब्ध कराकर वे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं। वक्ताओं ने यह भी कहा कि 25 सितम्बर को विश्वभर में फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है, ताकि समाज को फामेर्सी पेशे के महत्व से अवगत कराया जा सके। फार्मासिस्ट दवा अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पादन, वितरण और रोगी परामर्श के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों और सार्थक पोस्टरों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में फामेर्सी शिक्षा से जुड़ी रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य कुलानुशासक प्रो. राजकुमार सोनी ने कहा कि फार्मासिस्ट समाज में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। उनकी भूमिका केवल औषधि तक सीमित नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य सुरक्षा, शोध और सामाजिक दायित्वों तक फैली हुई है। विश्वविद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यावसायिक निष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करता रहेगा। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विभागीय टीम की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण डॉ. राजीव कुमार, डॉ. विजय बहादुर मोर्या, डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ. आलोक दास, मोहित कुमार सिंह, शक्ति जायसवाल, श्रीमती साधना, सुषमा यादव तथा कर्मचारीगण शांति मिश्रा, हेमन्त दूबे, बृजेश सिंह, प्रशांत यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संत श्री गोरा कुंभार प्रतिष्ठान द्वारा नवरात्र उत्सव का आयोजन




-सी.पी. प्रजापति

पनवेल, नवीं मुंबई (उत्तरशक्ति)। संत श्री गोरा कुंभार प्रतिष्ठान(जरी मरी देवस्थान) द्वारा भव्य नवरात्र उत्सव २०२५ का आयोजन संत श्री गोरा कुंभार मंदिर परिसर कुंभार वाडा पनवेल में भव्य रूप से आयोजित किया गया है।

शारदीय नवरात्रि हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे विशेष रूप से माँ दुर्गा की उपासना के लिए मनाया जाता है। यह पर्व वर्ष में दो बार आता है, लेकिन शारदीय नवरात्रि का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व सबसे अधिक है। शारदीय नवरात्रि अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नवमी तक मनाई जाती है, जिसमें नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जो इस प्रकार हैः शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। हर दिन विशेष मंत्रों और पूजा विधि से माँ के इन रूपों की आराधना की जाती है। नवरात्र उत्सव में मां दुर्गा के सम्मान स्वरूप हर दिन पूजा और डांडिया रास का आयोजन किया गया है। जिसमें कुंभार वाडा सहित पनवेल परिसर में रहने वाले मां दुर्गा के उपासक एवं रहवासी इसमें श्रद्धा और प्रेम भाव से हर रोज बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। नवरात्र उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष किरण कलवेकर, अडो.आशिष पनवेलकर, नरेंद्र पनवेलकर, राजेंद्र परदेशी, प्रसाद पनवेलकर, दिलीप पनवेलकर, रितेश पवार, रितेश पनवेलकर, तक्षक पनवेलकर, विपुल खैरे, मयूर पनवेलकर, मानसी पनवेलकर, समीक्षा कलवेकर, ज्योती कलवेकर, पुनम कुंभार सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने

## पत्रकार नरेंद्र सोनी का जन्मदिन मनाया गया



वसई (उत्तरशक्ति)। उत्तरशक्ति डेली न्यूज पेपर के मुंबई संवाददाता नरेंद्र सोनी का जन्मदिन वसई के दो प्रमुख स्थानों साईं नगर भाजपा कार्यालय और विशालनगर स्थित भाजपा नेता उत्तम कुमार के कार्यालय में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता उत्तम कुमार एवं वसई मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर की उपस्थिति रही। उनके साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन जय भवानी मित्र मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा के पंडाल में किया गया।

इस खास मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने नरेंद्र सोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, जिनमें प्रमुख रूप से शेखर धुरी (वरिष्ठ भाजपा नेता), सिद्धेश तावड़े, जीतू भाई, चेतन पागी, लालजी कनोजिया, कल्पेश चौहान, इकबाल भाई, हर्षित शाह, विजयराज गोर, मंडल उपाध्यक्ष राजू पांडे, विजय भाई, महिला मोर्चा सचिव प्रिया प्रेमलवर, बबीता शर्मा, कंचन सोनी, गायत्री वेलेकर, पूर्णिमा राज गोर ने भाग लिया और नरेंद्र सोनी के दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस बीच, वसई-विरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो ने भी विशेष रूप से नरेंद्र सोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा। सभी कार्यकताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने नरेंद्र सोनी के पत्रकारिता में योगदान की सराहना की।

## मातोश्री इंदिरा बाई बाबुराव सरनाईक अस्पताल में मरीजों को हो रही अड़चनों को लेकर रवि व्यास ने लिखा पत्र

भायंदर। मीरा भायंदर भाजपा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास ने महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री तथा ओवला माजिवडा के विधायक प्रताप सरनाईक को पत्र लिखकर मातोश्री इंदिराबाई बाबुराव सरनाईक अस्पताल(कैशलेस) में मरीजों को हो रही? परेशानियों तथा अस्पताल प्रशासन की निष्क्रियता की तरफ ध्यान दिलाते हुए तत्काल इस दिशा में गंभीरता पूर्वक ठोस कदम उठाने की अपील की है। श्री सरनाईक को लिखे पत्र में व्यास ने लगातार चौथी बार विधायक बननेवाले प्रताप सरनाईक को इस बात के लिए धन्यवाद दिया है कि उन्होंने मीरा भायंदर परिसर में नागरिकों की सुविधा के लिए लता मंगेशकर नाट्यगृह तथा मातोश्री इंदिराबाई बाबुराव सरनाईक अस्पताल का निर्माण कराया। इस जीवनदाई अस्पताल में हजारों लोगों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है। परंतु प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन का आदेश मिलने की प्रक्रिया के चलते यहां भर्ती मरीजों का 10 से 20 दिन तक इलाज नहीं शुरू हो पाता है। ऐसे में अनेक मरीजों को अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। कई बार वायरल वीडियो के अनुसार



अस्पताल के डॉक्टर और नर्सों द्वारा भी मरीज और उनके परिजनों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार नहीं किया जाता है। व्यास ने प्रताप सरनाईक से विनम्र निवेदन किया है कि अस्पताल में मरीज के भर्ती होते ही अस्पताल निधि से उसका इलाज शुरू किया जाए। शासन का आदेश मिलने पर निधि द्वारा खर्च किए गए पैसे का समायोजन किया जाए जाए । मरीजों और उनके परिजनों के साथ दुर्व्यवहार करनेवाले अस्पताल प्रशासन से जुड़े डॉक्टर और नर्सों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। देखना है कि व्यास द्वारा लिखे गए इस पत्र के बाद अस्पताल की दुर्व्यवस्था में कितना सुधार आता है?

## जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने किया मदरसा जियाउल उलूम का स्थलीय निरीक्षण



रेणुकूट, सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के सदस्य अल्ताफ अहमद कादरी की शिकायत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा कस्बा रॉबर्ट्सगंज स्थित मदरसा जियाउल उलूम का आज प्रातः स्थलीय निरीक्षण एवं जांच की गई।

शिकायतकर्ता अल्ताफ अहमद कादरी ने अपनी शिकायत में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद पर आरोप लगाया था कि वे मदरसे के नाम पर अवैध रूप से कैलेंडर जारी कर रहे हैं तथा चंदा वसूली हेतु रसीदें कटवा रहे हैं। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रेषित शिकायत पत्र के आधार पर यह जांच की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मदरसे के अभिलेखों एवं गतिविधियों का संज्ञान लिया तथा संबंधित पक्षों से पूछताछ की। जांच प्रक्रिया में शिकायतकर्ता अल्ताफ कादरी, मुस्ताक अहमद, सिराजुद्दीन, बाबत अली समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक तथ्यों का संकलन किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## जनता के हितों की रक्षा के लिए नरसिमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने की महापालिका प्रशासन से अपील




भायंदर। मीरा भायंदर की सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था नरसिमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिरा-भायंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) के आयुक्त को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की है, जिसमें नगर रचना विभाग तथा विधि विभाग के अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने एम/एस. रवि डेवलपर्स नामक बिल्डर, जिस पर दर्जनों आपराधिक धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं, को अनुचित लाभ पहुंचाया है। हाल ही में अदालत की कार्यवाही में भी एमबीएमसी के वकील कई बार अनुपस्थित रहे, जिससे मनपा की कानूनी स्थिति कमजोर हुई और बिल्डर को अप्रत्यक्ष लाभ मिला। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बॉम्बे हाईकोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बावजूद, जिसमें एमबीएमसी को छह हफ्तों में निर्णय लेने का निर्देश दिया गया था, आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ट्रस्ट ने आगे यह भी बताया कि 90 फ्लैटों की कमेंसमेंट सर्टिफिकेट में अनियमितता पाए जाने के बाद भी उचित कार्यवाही नहीं की गई। 2022 और 2023 में अवैध निर्माण पर नोटिस जारी होने के बावजूद निगम ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से बिल्डर लगातार गरीब नागरिकों को ठग रहा है, जिससे सार्वजनिक धन का दुरुपयोग और जनता का भरोसा कमजोर हुआ है।नरसिमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी शिकायत में निम्नलिखित मांगें रखी हैं। नगर रचना विभाग और विधि विभाग के संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच की जाए। सभी रिकॉर्ड, फाइलें और अदालत उपस्थिति विवरण जांच हेतु प्रस्तुत किए जाएं। दोषी अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई व एफआईआर दर्ज की जाए। सुनिश्चित किया जाए कि एमबीएमसी की कानूनी टीम अदालत में सभी मामलों का प्रभावी रूप से बचाव करे। जांच रिपोर्ट और सुधारात्मक कदम सार्वजनिक किए जाएं ताकि जनता का विश्वास बहाल हो। नरसिमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने एमबीएमसी प्रशासन से अपील की है कि वह पारदर्शी और कड़े कदम उठाकर जनता के हितों की रक्षा करे।

## नेस्ले इंडिया ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने की घोषणा

ठाणे। नेस्ले इंडिया ने हाल ही में भारत सरकार द्वारा घोषित गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा है कि 22 सितंबर 2025 से यह लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाएगा। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा, जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। नेस्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और हमारे लिए उपभोक्ता हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। हम उपभोक्ताओं की सेवा को ही अपना मुख्य उद्देश्य मानते हैं और आगे भी हर संभव तरीके से उनके हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नेस्ले इंडिया ने इस जानकारी को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में साझा किया है। इसके साथ ही यह लाभ थोक विक्रेताओं, वितरकों और खुदरा विक्रेताओं तक भी पहुँचाया गया है।

## मीरा भायंदर शहर में अनधिकृत बोर्ड और बैनर के विरुद्ध कार्रवाई

मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भायंदर शहर में मीरा भायंदर नगर निगम का प्रवर्तन विभाग शहर में अनधिकृत बोर्ड और बैनर के मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर रहा है। आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (बी.पी. सेक.) के आदेशानुसार, प्रवर्तन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शहर में अवैध बैनर लगाने का कार्य कर रहे हैं। प्रवर्तन विभाग प्रतिदिन अनधिकृत बोर्ड और बैनर पर कार्रवाई कर रहा है और अधिकारियों द्वारा 1133 बैनर हटाए गए हैं। नगरीय विकास विभाग के इस कार्य से ऐसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लग रहा है। शहर के स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित विकास के लिए यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रशासन नगर परिषद के माध्यम से नगर निकायों, संघों, राजनीतिक दलों और नागरिकों से नगर प्रशासन का सहयोग करने की अपील कर रहा है।

## शिक्षा के साथ सेवाभाव भी जरुरी : प्रो. वन्दना सिंह

जौनपुर उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कैमूर जिले, बिहार के लिए शुभकामनाएँ देते हुए हरी झंडी दिखाकर कर छात्रों को रवाना किया ।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ सेवा भाव भी जरुरी है। भारत एक विशाल देश है और हर राज्य की अपनी विशेषताएं है। सेवा पखवाड़ा के तहत छात्रों को आस पास के राज्य में जाकर भी




अपना सेवा देने का अवसर प्राप्त होता है। इससे देश की एकता एवं अखंढता को बल मिलता है। छात्रों को दूसरे राज्यों की भाषा, खान पान, संस्कृति, आदि का भी ज्ञान प्राप्त होती है। प्रॉक्टर प्रोफेसर राजकुमार ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्रों को अनुसाशन एवं आदर्श मूल्यों आधारित जीवन के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होता है। व्यवसाय प्रबंध के शिक्षक एवं यात्रा समन्वयक प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि सेवा पखवाड़ा भ्रमण से छात्रों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व पूर्ण करने का अवसर प्राप्त होती है। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना है। छात्रों ने बिहार के कैमूर जिला के भभुआ, पाउँरा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने माँ मुंडेश्वरी देवी मंदिर, एवं अन्य स्थानो का भ्रमण किया। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. विकास सिंह समरीन तब्बासुम एवं कई विभागों छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## तरुण परमार ने ध्यान और नशा-मुक्त भारत के लिए शुरू की 1700 किमी की साइकिल यात्रा




मुंबई। अहमदाबाद के सॉफ्टवेयर इंजीनियर और समर्पित हार्टफुलनेस साधक तरुण परमार ने ध्यान के महत्व को बढ़ावा देने और भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान का समर्थन करने के लिए 1700 किलोमीटर की एक असाधारण साइकिल यात्रा शुरू की है। तरण ने इस यात्रा का आरंभ 13 सितंबर को नोएडा से किया। वह प्रतिदिन लगभग 140 किलोमीटर की दूरी तय कर सात राज्यों और कई शहरों से गुजरते हुए इसे कान्हा शांतिवनम, हैदराबाद में पूरी करेंगे। दक्षिण की ओर बढ़ने से पहले उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव लिया। यह यात्रा हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश पटेल जो दाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं, के जन्मदिवस के आध्यात्मिक उत्सव के अवसर पर 27 सितंबर को समाप्त कान्हा शांति वनम हैदराबाद में समाप्त होगी। तरुण का यह प्रयास उनके दो जुनून साइक्लिंग और ध्यान का संगम है। साइकिल प्रेमी होने के साथ-साथ वे हार्टफुलनेस ध्यान को अपनी व्यक्तिगत वृद्धि और कल्याण का आधार मानते हैं। तरुण ने कहा, यह यात्रा मेरे लिए साइक्लिंग और ध्यान इन दो जुनूनों को एक साथ लाने का एक तरीका है। मैं लोगों को यह दिखाना चाहता हूँ कि असली परिवर्तन भीतर से शुरू होता है। ध्यान ने मेरी ज़िंदगी बदल दी है और मैं दूसरों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहता हूँ। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत की दिशा में चल रहे एक बड़े आंदोलन का भी हिस्सा बनना चाहता हूँ। हार्टफुलनेस के ग्लोबल गाइड दाजी ने इस पहल के बारे में कहा कि तरुण जैसे युवा निःस्वार्थता और दृढ़ता की भावना के प्रतीक हैं। वे शारीरिक सहनशक्ति को आंतरिक अनुशासन के साथ जोड़कर संतुलन और सार्थक उद्देश्य का जीता-जागता उदाहरण बनते हैं। उनकी यह यात्रा न केवल ध्यान की शक्ति को समर्पित है बल्कि हम सभी के लिए भी प्रेरणा है कि हम एक साथ मिलकर नशा मुक्त, स्वस्थ भारत की दिशा में कार्य करें। हार्टफुलनेस में हमारा विश्वास है कि वास्तविक परिवर्तन हृदय से शुरू होता है और तरुण का यह प्रयास उसी सच्चाई को दशार्ता है।

## भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता के जन्मदिन मनाया गया



-तारकेश्वर पांडे

मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भायंदर मीरा रोड में भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय विधायक नरेंद्र मेहता के जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रकोष्ठ की पूरी टीम ने उन्हें साल एवं गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य एवं दीघार्यु मंगलमय की कामना की। इस अवसर पर बिहार प्रकोष्ठ महाराष्ट्र प्रदेश के संयोजक एडवोकेट नितीश वर्मा भी उपस्थित रहे। साथ ही बिहार प्रकोष्ठ मीरा भायंदर के महामंत्री धीरेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, काशीमीरा मंडल अध्यक्ष तरकेश्वर पांडेय, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संयोजिका श्रीमती रश्मि मिश्रा, तथा श्रीमती पूजा चौधरी के साथ पूरी टीम ने कार्य सम्राट मेट्रो मैन कहे जाने वाले विधायक नरेंद्र मेहता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के 25 शक्तिपीठ स्थलों देवी मंदिरों के अंतर्गत जनपद जौनपुर में मां शीतला चौकिया धाम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके क्रम में संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकारों द्वारा जनपद में मां शीतला चौकिया धाम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में संस्कृति विभाग के



पंजीकृत गायक राहुल पाठक, सुदामा सहित अन्य कलाकारों द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर देवी गीत प्रस्तुत किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु रामनरेश पाल, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी, वाराणसी को संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## बरसठी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बरसठी थाना क्षेत्र के मंगरा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण पता नही चल सका है। लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के 23 वर्षीय विशाल पटेल पुत्र विजय पटेल बुधवार की रात में परिवार संग खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह देर तक नही उठा तो परिजन देखने गए तो वह फांसी पर लटक रहा था। यह देख परिजनो के होश उड़ गये। घटना की जानकारी पिता ने पुलिस को दी।मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने शव को नीचे उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसने यह कदम क्यो उठाया परिजन भी इस बात से परेशान है। घटना के बाद से माता पिता का रोरो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## विशिष्टजनों ने पूर्व मंत्री का जाना कुशलक्षेम

जौनपुर (उत्तरशक्ति) । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश के पूर्व ऊर्जा एवं नियोजन राज्य मंत्री एवं शाहगंज के कई बार रहे विधायक शैलेंद्र यादव ललई की तबीयत खराब हो गई। उनका कुशल क्षेम जानने के लिए बुधवार की देर शाम तक विशिष्ट जनों का तांता लगा रहा। उनको पित्त की थैली में समस्या थी जिसका ऑपरेशन लखनऊ के मेदांता में हुआ।निषाद पार्टी, विधानमंडल दल के नेता एवं शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने पूर्व ऊर्जा मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, शीघ्र स्वस्थ होने एवं उनके निरंतर जनसेवा के कार्यो के लिए दीघार्यु होने की मंगलकामनाएं करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके अलावा



उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर सपा विधायक मछली शहर डॉक्टर रागिनी सोनकर, केराकत विधायक तुफानी सरोज, ओम प्रकाश राजभर के पुत्र अरविंद राजभर, मड़ियाहूं की पूर्व विधायक श्रद्धा यादव समेत अन्य लोगों ने भी पूर्व मंत्री का हाल जाना।